दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज



● नवादा से प्रकाशित ● नवादा गुरुवार 21 नवंबर 2024 ● वर्ष : 02 अंक : 451

## संक्षिप्त खबरें ।

### सऊदी अरब को पसंद आया भारत का राजस्थान, भरी–भरकम पैसा लगाने की तैयारी



**लोक तंत्र की आवाज़**

**जयपुर।** सऊदी अरब की राजधानी रियाद में मरुस्थलीकरण से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र के सम्मेलन की मेजबानी की जाएगी। यह सम्मेलन 2 से 13 दिसंबर तक आयोजित होगा। सऊदी अरब के पर्यावरण, जल और कृषि उप मंत्री डॉ. ओसामा फकीहा ने इस अवसर पर भारत के सूखे और मरुस्थलीकरण से निपटने के प्रयासों की सराहना की है। फकीहा ने राजस्थान और सऊदी अरब के रेगिस्तानी इलाकों की समानता को रेखांकित करते हुए, दोनों देशों के बीच सहयोग और जानकारी साझा करने की संभावनाओं पर जोर दिया। उन्होंने जयपुर की गांधीवन परियोजना की तारीफ की, जिसने सामुदायिक प्रयासों से बंजर जमीन को हरा–भरा बनाया। उन्होंने कहा कि इस तरह की परियोजनाओं से सऊदी अरब भी सीख ले सकता है।

सऊदी अरब जल संरक्षण और जलवायु चुनौतियों से निपटने के लिए कई ग्रामीण विकास कार्यक्रम चला रहा है। फकीहा ने बताया कि हर साल वैश्विक स्तर पर 100 मिलियन हेक्टेयर भूमि खराब हो रही है, और इस समस्या से निपटने के लिए जागरूकता बढ़ाना बेहद जरूरी है। COP16 सम्मेलन के दौरान सऊदी अरब "Drought Resilience Observatory" लॉन्च करेगा, जिसका उद्देश्य विज्ञान और डेटा का उपयोग करके जलवायु से जुड़ी समस्याओं पर तेजी से कदम उठाना है। सम्मेलन में पानी की कमी और कृषि में जल संसाधन प्रबंधन पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा, क्योंकि यह भूमि क्षरण को रोकने के लिए महत्वपूर्ण है। डॉ. फकीहा ने भारत की जल समस्या का भी जिक्र किया, जहां 600 मिलियन लोग जल संकट का सामना कर रहे हैं। उन्होंने जल सुरक्षा और भूमि क्षरण के आपसी संबंधों पर जोर देते हुए कहा कि इस समस्या को सुलझाने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रयासों की आवश्यकता है।

### एक तीर से साधे 2 निशाने: जाते-जाते बाइडन ने यूक्रेन को दी नई ताकत, रूस और ट्रंप की बढ़ाई टेंशन

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नई दिल्ली।** रूस–यूक्रेन युद्ध जमीन पर कब्जे को लेकर जारी है, और इस दौरान यूक्रेन ने रूस के कुर्स्क क्षेत्र के 1000 वर्ग किलोमीटर हिस्से पर कब्जा कर लिया है। अब, अमेरिका ने यूक्रेन को रूस के खिलाफ लॉन्ग रेंज हथियारों के इस्तेमाल की मंजूरी दे दी है। मगर सवाल यह है कि बाइडन प्रशासन ने यह फैसला अब क्यों लिया, जबकि पहले इस कदम को टाला गया था? विशेषज्ञों के अनुसार, बाइडन प्रशासन का यह कदम चुनावी रणनीति और रूस पर दबाव बनाने का एक तरीका हो सकता है। यह भी माना जा रहा है कि बाइडन चाहते हैं कि इस युद्ध का अंत उनकी अगुवाई में हो, ताकि डोनाल्ड ट्रंप को इस पर कोई राजनीतिक क्रेडिट न मिले।

अमेरिका का उद्देश्य है कि कुर्स्क पर यूक्रेनी कब्जा बरकरार रहे, ताकि भविष्य में युद्ध समाप्ति के लिए बातचीत के समय यूक्रेन के पास नेगोशिएशन का कुछ आधार हो। अगर रूस कुर्स्क क्षेत्र को फिर से कब्जा कर लेता है, तो यह यूक्रेन के लिए एक रणनीतिक नुकसान हो सकता है। इस फैसले से अमेरिका रूस पर एक मानसिक दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है। रूस ने इस कदम का कड़ा विरोध किया है और चेतावनी दी है कि यूक्रेन की तरफ से लॉन्ग रेंज हथियारों का इस्तेमाल परमाणु हमला करवा सकता है। रूस ने यह भी कहा कि नाटो की मदद के बिना यूक्रेन खुद से यह हमले नहीं कर सकता था। अमेरिका ने अब तक युद्ध में अपने सैनिकों को सीधे तौर पर शामिल नहीं किया है।

### मंगल ग्रह पर जीवन था, लेकिन नासा ने 50 साल पहले सब बर्बाद कर दिया! वैज्ञानिक का चौकाने वाला दावा

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली।** मंगल ग्रह में वैज्ञानिकों की दिलचस्पी दिन–ब–दिन बढ़ती जा रही है. विज्ञान की प्रगति ने हमें अब मंगल को बेहद करीब से देखने और समझने की क्षमता दी है. एलन मस्क जैसे रईस मंगल पर इंसानी बस्तियां बसाने का ख्वाब देखते हैं. कुछ वैज्ञानिकों को लगता है कि शायद मंगल पर जीवन हो सकता है या कम से कम जीवन पनपने के लिए अनुकूल परिस्थितियां हो सकती हैं. हालांकि, अभी तक की रिसर्च में मंगल पर जीवन की मौजूदगी का कोई ठोस सबूत नहीं मिला है. अब एक वैज्ञानिक ने दावा किया है कि शायद मंगल पर जीवन था, लेकिन करीब पांच दशक पहले मानवीय दखल के चलते वह नष्ट हो गया।

**नासा के वाइकिंग मिशनः** 1970 के दशक में, अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने मंगल की जांच करने वाइकिंग मिशनों को भेजा. वाइकिंग लैंडर्स लाल ग्रह की सतह पर उतरने और घूमने वाले पहली मशीन थे. एक जर्मन रिसर्चर के मुताबिक, उस समय तक मंगल पर जीवन मौजूद था लेकिन वाइकिंग मिशनों से वह नष्ट हो गया. आज तक, ये मंगल ग्रह पर किए गए इकलौते जैविक प्रयोग हैं. बर्लिन की टेक्निकल यूनिवर्सिटी में एस्ट्रोबायोलॉजिस्ट, डिर्क शुल्ज–मकुच के मुताबिक, मंगल पर माइक्रोबियल जीवन के संकेतों का पता लगाने वाले ये प्रयोग घातक हो सकते थे। Nature Astronomy के लिए अपनी कमेंट्री में डिर्क ने अनुमान लगाया है कि हमारे तरीके अपने आप में विनाशकारी रहे होंगे. अगर ऐसा है, तो हमारे लिए यह जरूरी है कि हम भविष्य के प्रयोगों को डिजाइन करते समय मंगल की पारिस्थितिकी पर गहराई से विचार करें.

## महाराष्ट्र में एनसीपी-शिवसेना के 'किले' दरके, बीजेपी–कांग्रेस का महामुकाबला

**लोक तंत्र की आवाज़**

**मुंबई ।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 के लिए आज हो रहे मतदान के बीच तमाम राजनीतिक दिग्गज असमंजस में दिख रहे हैं. हां, क्योंकि सभी 288 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान से पहले बने राजनीतिक गठबंधनों के कारण महाराष्ट्र का राजनीतिक परिदृश्य बेहद जटिल दिख रहा है. वैसे तो नेताओं के आत्मविश्वास से भरे बयान आ रहे लेकिन बदले हुए सियासी समीकरण और कड़े इम्तिहान को लेकर सब ने फिंगर क्रॉस किया हुआ है।

**पांच साल में बदला पूरा सियासी समीकरणः** महाराष्ट्र में पिछली बार यानी 2019 के विधानसभा चुनावों के बाद शिवसेना राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को छोड़कर कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के गठबंधन में शामिल हो गई थी. उसके बाद शिवसेना और एनसीपी में विभाजन हो गया. और अब दोनों पार्टी का एक–एक गुट कांग्रेस और भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधनों से जुड़ा हुआ है. इन राजनीतिक घटनाओं ने चुनावों के संबंध में खेल की पूरी स्थिति को बदल दिया है. आइए, समझने की कोशिश करते हैं कि महायुति और महा विकास आघाड़ी ने महाराष्ट्र में चुनावी समीकरण को कैसे बदल दिया है?

**आकार ले रहा एक जटिल पॉलिटिकल नंबर गेमः** महाराष्ट्र में मतदान के साथ ही पॉलिटिकल नंबर गेम के हिसाब से एक जटिल चुनावी मुकाबला आकार ले रहा है. सूबे में ताकतवर क्षेत्रीय दलों एनसीपी और शिवसेना के किले दरक चुके हैं. साथ ही भाजपा और कांग्रेस का सीधा महामुकाबला मौजूदा सियासी समीकरण को बदल रहा है. आंकड़ों के मुताबिक, महाराष्ट्र में हर चार सीट में से एक पर भाजपा और कांग्रेस की सीधी टक्कर है. गठबंधन में सीटों का बंटवारा इस तरह हुआ है कि भाजपा और कांग्रेस के बीच सबसे ज्यादा 73 सीटों पर महामुकाबला है।




**शिवसेना बनाम शिवसेना और एनसीपी बनाम एनसीपी!:** भाजपा–कांग्रेस महामुकाबला के बाद शिवसेना बनाम शिवसेना (यूबीटी) 50 सीटों पर और फिर एनसीपी के अजित पवार और शरद पवार गुटों के बीच 37 सीटों पर सीधी लड़ाई है. इस तरह बेहद अहम आपसी लड़ाई के बावजूद इन दोनों पार्टियों के दोनों गुटों ने कांग्रेस और भाजपा के साथ बेहद सीमित सीटों पर सामना कर रही है. इससे लोकसभा चुनाव की तरह दृश्य उभरने पर नए सियासी समीकरण बनने की गुंजाइश को जिंदा माना जा रहा है. दूसरे एंगल से विश्लेषण करें तो दोनों गुटों ने एक होने की संभावनाओं को भी खत्म नहीं होने दिया है।

**सभी छह क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव के नतीजे का कितना प्रभाव?** : महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के लिए महाविकास आघाड़ी और महायुति दोनों गठबंधनों ने इस वर्ष की शुरुआत में हुए लोकसभा चुनावों में अपने प्रदर्शन के आधार पर अपनी रणनीति बनाई है. सत्तारूढ़ महायुति ने कोंकण क्षेत्र से अपने प्रभुत्व का विस्तार करने का लक्ष्य रखा है, जबकि महा विकास अघाड़ी (एमवीए) मुंबई, उत्तर महाराष्ट्र, मराठवाड़ा और विदर्भ में अपनी पकड़ बनाए रखने और अन्य दो क्षेत्रों में अपने प्रभाव को मजबूत करने की कोशिश कर रहा है।

**पश्चिमी महाराष्ट्र में एनसीपी के दोनों गुटों में बड़ा मुकाबला**

पश्चिमी महाराष्ट्र में राज्य की आबादी और अर्थव्यवस्था का पांचवा हिस्सा है. पिछले लोकसभा चुनावों में विपक्षी गुट को थोड़ी बढ़त मिली थी. इस क्षेत्र में राज्य की कुल 288 में से सबसे ज़्यादा 70 विधानसभा सीटें हैं. एमवीए ने इस क्षेत्र की 10 लोकसभा सीटों में से आधी सीटें हासिल कीं, जबकि सत्तारूढ़ महायुति ने चार सीटें जीतीं. एनसीपी के दोनों गुट 28 प्रतिशत से अधिक सीटों यानी 70 निर्वाचन क्षेत्रों में से 20 पर सीधे मुकाबले में हैं. इस क्षेत्र की बारामती सीट पर एनसीपी सुप्रीमो अजित पवार और उनके भतीजे युगेंद्र पवार एनसीपी (शरद पवार) के बीच मुकाबला है. एनसीपी (एसपी) ने पश्चिमी महाराष्ट्र की 10 लोकसभा सीटों में से तीन पर जीत हासिल की, जबकि एनसीपी को एक भी सीट नहीं मिली।

## नियोजित शिक्षकों के ट्रांसफर को लेकर सीएम नीतीश कुमार ने किया बड़ा ऐलान तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा हॉल

**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** बिहार के शिक्षकों से बड़ी खबर है कि अब नियोजित शिक्षकों का जबरन ट्रांसफर नहीं किया जाएगा, जो जहां है वहीं रहेंगे. नीतीश कुमार ने इस बात की घोषणा पटना में की. पटना में सीएम नीतीश ने साफ तौर पर कहा कि नियोजित शिक्षक जहां है वहीं काम करेंगे. बता दें कि बिहार में 1, 14, 138 विशिष्ट शिक्षकों को नियुक्ति पत्र बांटा गया. सीएम नीतीश ने एक बार फिर कहा कि वह अब एनडीए के साथ ही रहेंगे. उन्होंने कहा कि हमने दो बार गलती कर दी थी अब कभी इधर–उधर नहीं होगा, क्योंकि शुरू से तो हम साथ ही थे. एक–एक काम हो रहा था सब साथ में थे. फिर भी सभी लोग एक ही साथ रहे हैं और रहेंगे, कभी इधर–उधर नहीं जाएंगे।

मुख्य समारोह पटना के पटना के अधिवेशन भवन में हुआ जहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिए. बिहार के विभिन्न जिलों में 98, 349 प्रारंभिक शिक्षक, 12, 524 माध्यमिक शिक्षक और 3, 265 उच्च माध्यमिक शिक्षक को नियुक्ति पत्र दिए गए. बता दें कि ये साक्षमता पास शिक्षक हैं जिन्हें नियुक्ति पत्र दिए जाने के बाद यह अपने ही स्कूल में राज्यकर्मी का दर्जा प्राप्त शिक्षक बन गए हैं।इस मौके पर सीएम नीतीश ने कहा कि नियोजित शिक्षक अपनी नई पदस्थापना को लेकर बहुत परेशान हैं तो हम लोगों ने यह निर्णय लिया है कि नियोजित शिक्षक जिस जगह पर काम कर रहे हैं, वहीं पर काम करने दिया जाए। सीएम ने कहा कि जो जहां हैं वही रहेंगे. हम लोग आप सब लोगों से के हक के साथ हैं।



इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि हमारी सरकार ने लगातार नौकरी देने का काम किया है और यह भूलने वाली बात नहीं है. नीतीश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार ने जो जो काम किया है वह सबको मालूम है. खुशी की बात है कि जो पहले नियोजित शिक्षक थे अब विशिष्ट शिक्षक बन गए. सीएम नीतीश कुमार ने अपनी सरकार की उपलब्धियां को गिनाते हुए कहा कि जितनी चीजें पहले हुईं हैं, उसे भूलिए नहीं. उन्होंने पत्रकारों की ओर भी ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि पत्रकार सब भी भूल जाते हैं।

सीएम नीतीश कुमार ने इस बात का भी जिक्रकिया कि कैसे पंचायत शिक्षकों पंचायत में शिक्षकों की नियुक्ति शुरू हुई और इसके बाद धीरे–धीरे कर प्रक्रिया के तहत इनमें से लाखों शिक्षकों को राज्यकर्मी का भी दर्जा दिया गया. सीएम नीतीश ने यह भी कहा कि बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने में उनकी सरकार की का बहुत योगदान है. उन्होंने कहा कि पहले 12वीं पास होने पर लड़कियों को 10, 000 देते थे अब 50, 000 देते हैं. ग्रेजुएट होने पर 25, 000 देते थे और आप 50, 000 देते हैं. लड़के और लड़की सब बराबर होते जा रहे हैं. सीएम नीतीश ने कहा कि माता से ही ना हम लोग जन्म लेते हैं।

## बीजेपी-झामुमो को लग गया बड़ा झटका, एक गलती पड़ गई भारी, चुनाव आयोग ने कहा-केस करिए



**लोक तंत्र की आवाज़**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के दूसरे चरण का मतदान जारी है. इससे पहले बीते मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा और भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रेस कांफ्रेंस की गई, जिसपर चुनाव आयोग ने संज्ञान लेते हुए एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश दिया. झारखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के रवि कुमार ने बुधवार को विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण से पहले साइलेंस पीरियड के दौरान झामुमो और भाजपा दोनों द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस का मंगलवार को संज्ञान लिया और रांची के जिला निर्वाचन अधिकारी को दोनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया. जेएमएम और बीजेपी ने मंगलवार को अपने–अपने पार्टी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी।

कुमार ने कहा, 'साइलेंस पीरियड के दौरान इस तरह की गतिविधियां आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हैं. इसी तरह की घटनाएं पहले भी सामने आई थीं और कांग्रेस और बीजेपी को नोटिस दिया गया था.' इसके अलावा उन्होंने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी केस दर्ज करने पर एक रिपोर्ट अपने कार्यालय को भेजेंगे, जिसके बाद इसे आगे की कार्रवाई के लिए आयोग को भेजा जाएगा।


झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में सीएम हेमंत सोरेन, पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी, स्पीकर रबींद्रनाथ महतो, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, मंत्री इरफान अंसारी, दीपिका पांडेय सिंह, हीफजुल हसन, बेबी देवी, कल्पना सोरेन, बिरंची नारायण, सुदेश कुमार महतो, अनंत कुमार ओझा, प्रदीफ यादव विनोद सिंह, प्रो. स्टीफन मरांडी, बसंत सोरेन, बादल, रणधीर कुमार सिंह, सुनीता चौधरी, लंबोदर महतो, कुमार जयमंगल, अपर्णा सेन गुप्ता, पूर्णिमा नीरज सिंह, राजेश कच्छप सहित 2019 चुनाव में जीत हासिल कर इस्तीफा देने या विधायकी गंवाने वाले लोबिन हेंब्रम, जयप्रकाश भाई पटेल आदि शामिल हैं।

## मणिपुर में फंस गई बीजेपी! 37 में से 19 विधायक मुख्यमंत्री की बैठक से रहे गायब, अब बीरेन सरकार का क्या होगा?

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली।** मणिपुर हिंसा की आग में अब भाजपा सरकार झुलसती नजर आ रही है. मणिपुर में बीजेपी के अंदरूनी कलह उस वक्त और बढ़ गए, जब कई विधायकों ने मुख्यमंत्री की बैठक में हिस्सा नहीं लिया. जी हां, मणिपुर में चल रहे जातीय संघर्ष से निपटने के तरीके को लेकर सीएम एन बीरेन सिंह बैकफुट पर हैं. इसी बीच बीजेपी की मणिपुर इकाई में दरार मंगलवार को और गहरी हो गई. 37 में से 19 बीजेपी विधायकों ने पिछली रात यानी मंगलवार को हुई एनडीए की बैठक में हिस्सा नहीं लिया. इन विधायकों में दोनों समुदायों के नेता शामिल थे।

मीडिया की खबर के मुताबिक, इस एनडीए की बैठक में 'कुकी उग्रवादियों'



के खिलाफ पूरी ताकत से कार्रवाई करने का प्रस्ताव पारित किया गया था. इन उग्रवादियों पर जिरीबाम में विस्थापितों के लिए बने एक शेल्टर में छह मैतेई कैदियों की हत्या का संदेह है. ऐसी खबरें हैं कि सीएम सचिवालय ने बैठक से गायब रहने के लिए 11 एनडीए सदस्यों को नोटिस भेजा है. इन सदस्यों में मंत्री भी शामिल हैं. हालांकि, इसकी अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

इस बीच सीएम बीरेन सिंह ने एक वीडियो संदेश जारी कर लोगों की सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठाने का वादा किया है. उन्होंने कहा कि वह बिना किसी समुदाय के भेदभाव के लोगों की रक्षा करेंगे. हिंसा के ताजा दौर पर उचित कदम उठाने के लिए बीजेपी और उसके सहयोगियों के सभी विधायकों को रविवार को बैठक के लिए पत्र भेजे गए थे. इससे कुछ घंटे पहले ही मेघालय के सीएम कोनराड संगमा की पार्टी एनपीपी ने एनडीए सरकार से समर्थन वापस ले लिया था.

एनपीपी ने कहा था कि सीएम संकट को हल करने में विफल रहे हैं. इसके बाद भाजपा सरकार पर संकट के बादल मंडरा गए हैं।

## गांडेय में वोटिंग के बीच गिरिडीह में क्या बोलीं कल्पना सोरेन

**लोक तंत्र की आवाज़**

**गिरीडीह।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन ने बुधवार को विधानसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण की वोटिंग के बीच एक बयान दिया है. झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के टिकट पर गांडेय से चुनाव लड़ रहीं कल्पना सोरेन ने कहा, 'मैं खुद गांडेय जा रही हूं।



**मतदान के अधिकार का इस्तेमाल जरूर करें झ कल्पना की अपील :** कल्पना सोरेन ने कहा, 'मैं लोगों से अपील करूंगी कि वे मतदान जरूर करें. झारखंड के सभी लोगों से चाहे वो पुरुष हों, महिला हों, युवा हों, बुजुर्ग हों, सभी को अपने घर से बाहर आना चाहिए. अपना वोट जरूर डालना चाहिए. ये उनका अधिकार है और इस अधिकार का इस्तेमाल सभी को करना चाहिए।

**गांडेय के विकास के लिए 5 साल मेहनत करूंगी झ कल्पना सोरेन :** कल्पना सोरेन ने विश्वास जताया कि एक बार फिर झारखंड मुक्ति मोर्चा और उसके सहयोगी दलों की सरकार बनेगी. उन्होंने कहा, 'मुझे विश्वास है कि मेरी जीत होगी. मैंने गांडेय की जनता के लिए काफी काम किया है. मैंने वहां बहुत मेहनत की है. अगले 5 साल भी मैं इतनी ही मेहनत करूंगी. क्षेत्र का विकास करूंगी।

**जनता हमारे पक्ष में करेगी मतदान झ कल्पना सोरेन :** झामुमो विधायक ने कहा कि झारखंड की जनता हेमंत सोरेन और महागठबंधन के पक्ष में मतदान कर रही है. उन्होंने कहा, 'हमें पूरा विश्वास है कि झारखंड में एक बार फिर हमारी सरकार बनेगी. महागठबंधन की हेमंत सोरेन सरकार ने जो विकास कार्य शुरू किए हैं, उसे आगे बढ़ाने के लिए जनता हमारे पक्ष में मतदान करेगी।

## 75 साल के दूल्हे को कोई एक्सेप्ट नहीं करेगा मुख्यमंत्री नीतीश पर मुकेश सहनी का तंज

**लोक तंत्र की आवाज़**

**बक्सर।** विकासशील इंसान पार्टी के अध्यक्ष मुकेश सहनी इन दिनों एनडीए नेताओं पर हमलावर हैं. इस बार उन्होंने उम्र को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधा है. बक्सर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए वीआईपी चीफ ने कहा कि सीएम के रिटायरमेंट का समय कब का बीत गया है लेकिन जबरदस्ती कुर्सी पर बैठे हैं।

मुकेश सहनी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए कहा कि 75 साल के दूल्हे को अब बिहार के लोग स्वीकार नही करेंगे. इसी वजह से नीतीश



कुमार वैसे लोगो का भी पैर छू रहे हैं, जो कभी सीएम की कुर्सी के पीछे खड़े होकर अपनी फोटो खिंचवाते थे. उम्र में बड़े लोगो का पैर छूना हमारा संस्कार है लेकिन नरेंद्र मोदी का पैर छूकर नीतीश कुमार अपनी कुर्सी बचाने की जुगाड़ कर रहे है. शायद सीएम भूल रहे हैं कि इंडिया गठबंधन के पास यंग दूल्हा है और उसकी अगुआई में सरकार बनने जा रही है। पूर्व मंत्री मुकेश सहनी ने रांची को कराची बनने के दावे वाले केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि बीजेपी नफरत की राजनीति करती है.

**बक्सर दौरे पर मुकेश सहनीः** वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी संकल्प यात्रा के दौरान मंगलवार को बक्सर दौरे पर थे. जिला अतिथिगृह में मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव से पहले ही लोगो में इंडिया गठबंधन के प्रति गजब का उत्साह देखा जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि हमारे गठबंधन की सरकार बनने जा रही है. जिसमें मैं भी एक महत्वपूर्ण जिम्मेवारी निभाऊंगा.

## रूस की परमाणु नीति में बदलाव से क्यों बढ़ा तीसरे विश्व युद्ध का खतरा? बाइडेन के ये फैसले कर रहे पुतिन को मजबूर

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली।** रूस और यूक्रेन के बीच चल रहा युद्ध अब 1000 दिन पूरे कर चुका है, और इस संघर्ष में परमाणु हथियारों के उपयोग का खतरा बढ़ गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यूक्रेन को रूस के भीतर अमेरिकी हथियारों से हमला करने की अनुमति दी है। इसके जवाब में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपनी परमाणु नीति में बदलाव किया है। इन दोनों फैसलों ने वैश्विक तनाव को और बढ़ा दिया है और तीसरे विश्व युद्ध का खतरा गहरा दिया है।

**पुतिन की नई परमाणु नीतिः** रूस के पूर्व राष्ट्रपति और सिक्योरिटी काउंसिल



के डिप्टी चेयरमैन दिमित्री मेदवेदेव ने चेतावनी दी है कि रूस के नए परमाणु सिद्धांत के अनुसार, यदि नाटो रूस पर मिसाइलें दागता है, तो रूस इसे हमले के रूप में मानेगा और जवाबी परमाणु हमला करेगा। उनका कहना है कि इससे तीसरे विश्व युद्ध का खतरा पैदा हो सकता है। पुतिन ने इस सप्ताह एक डिक्री पर हस्ताक्षर कर यह स्पष्ट किया कि रूस किन परिस्थितियों में परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करेगा। पुतिन के अनुसार, यदि कोई ऐसा देश जो परमाणु शक्ति नहीं रखता, रूस पर किसी परमाणु शक्ति वाले देश के सहयोग से हमला करता है, तो इसे रूस के खिलाफ युद्ध का ऐलान माना जाएगा। इसके अलावा, रूस पर बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला होने पर भी रूस परमाणु हमला कर सकता है।

**बाइडेन के फैसले से युद्ध का जोखिम बढ़ाः** अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन द्वारा यूक्रेन को "Army Tactical Missile Systems (ATACMS)" का उपयोग करने की अनुमति देने के बाद, रूस को यह चिंता है कि यूक्रेनी सेना रूस पर लंबी दूरी से हमले कर सकती है। यूकेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने पहले ही अमेरिका से रूस के सैन्य ठिकानों पर हमले की अनुमति मांगी थी। रूस के सांसदों का मानना है कि बाइडेन का यह निर्णय युद्ध को और बढ़ाएगा।

## संक्षिप्त खबरें ।

### सक्षमता पास नियोजित शिक्षक बने विशिष्ट शिक्षक, मिला नियुक्ति पत्र



**सुनील कुमार**

**नवादा।** नवादा के नियोजित शिक्षकों को सक्षमता परीक्षा पास करने के बाद विशिष्ट शिक्षक का नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए हैं। जिले के मेसकौर प्रखंड के लाटो उच्च विद्यालय के प्रांगण में मेसकौर प्रखंड के साक्षमता पास 214 शिक्षकों को बुधवार को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया है। बता दें कि इस कार्यक्रम को प्रखंड विकास पदाधिकारी नीतीश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस दरम्यान उन्होंने बताया कि शिक्षक समाज का धरोहर ह। आप लोग के द्वारा ही समाज की दिशा -दशा और बच्चों के भविष्य को उज्जवल कर आगे बढ़ने में मदद करेगा। आप सभी शिक्षक अपने अनुभव और ज्ञान से बच्चों को बेहतर तालीम देकर उन्हें समाज में कुछ बेहतर करने का पथ प्रदर्शक बनेंगे। इस मौके पर साक्षमता पास सभी शिक्षकों को प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा नियुक्ति पत्र दिया गया। मौके पर अंचल पदाधिकारी अनुभव राय, पंचायती राज पाधिकारी काजोल कुमारी, प्रखंड शिक्षा अधिकारी नौशाद आलम, वरीय शिक्षक विजय कुमार, ब्रजेश कुमार, थाना एसआई संजीत कुमार मौजूद थे।

### सिरदला: बिजली चोरी करने के आरोप में पांच लोगों के खिलाफ परना डाबर थाना में दर्ज की गई प्राथमिकी

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला**

परना डाबर थाना क्षेत्र के चौकिया पंचायत के बंझौरिया गाँव में बिजली विभाग के कनीय अभियंता नसरुद्दीन अंसारी ने छापेमारी कर बिजली चोरी के आरोप में कुल 5 लोगों के खिलाफ परना डाबर थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाया है। बंझौरिया गांव के कामेश्वरी देवी पर 11569 रुपया, सुनीता देवी पर 9125 रुपया, चंदेश्वर प्रसाद पर 10133 रुपया, राम प्रकाश प्रसाद पर 200915 रुपया, विष्णु देव प्रसाद पर 11117 रुपया।राजस्व की क्षति के अनुसार सभी लोगों पर जुर्माना लगाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बंझौरिया गाँव के पांच लोगों पर सर्विस तार में कटिंग कर बाईपास से अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने का आरोप है। मौके पर बिजली कर्मी नरेश कुमार, विक्रम कुमार, प्रवेश राजवंशी, राजेश कुमार, आदि उपस्थित थे।

### दक्षिणी से धर्मचंद प्रसाद का जीत का दावा

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**



**पकरीबरावा।** पकरीबरावां दक्षिणी पंचायत से तीन बार पैक्स अध्यक्ष पद पर आसीन रहे पकरीबरावां बाजार निवासी निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष धर्मचंद प्रसाद लगातार चौथी बार जीत का दावा कर रहे हैं। हो भी क्यों न, कोई टक्कर देने वाला उम्मीदवार भी इस बार मैदान में नहीं है। हालांकि पकरी गांव निवासी सुखदेव पासवान नामांकन कराकर उम्मीदवारी पेश कर चुके हैं, परंतु वे धर्मचंद प्रसाद को कड़ी टक्कर देते नहीं दिख रहे हैं। तीन बार का अनुभव धर्मचंद प्रसाद को चुनावी मैदान में आगे ले जाता दिख रहा है। नामांकन के दो दिनों तक धर्मचंद प्रसाद निर्विरोध निर्वाचित होते दिख रहे थे, परंतु आखिरी समय में सुखदेव पासवान ने नामांकन कराकर सबको चौंका दिया। सुखदेव पासवान भी अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि पैक्स मतदाता एक बार फिर से धर्मचंद प्रसाद पर ही भरोसा जताते हैं, अथवा नए उम्मीदवार को चुनकर बदलाव करना चाहते हैं।

# ऑल इंडिया तंजीम ए इंसाफ देश की अल्संख्यक की रक्षा और अधिकार को लेकर पूरे देश में चलाएगा अभियान

**देश को जरूरत है कि अल्पसंख्यकों के अधिकार को मजबूती से उठाना पड़ेगा**

**सिवान के बढ़िया में होने जा रहे राज्य सम्मेलन में शामिल होने का हवन किया**

लोक तंत्र की आवाज

**अजीत कुमार सिन्हा**

**शेखपुरा।** शेखपुरा में आल इंडिया तंजीम-ए-इंसाफ का दूसरा जिला सम्मेलन सैयद शमवील हैदर की अध्यक्षता में कार्यानंद शर्मा भवन स्टेशन रोड में सम्पन्न हुआ। सभा को संबोधित करते हुए आल इंडिया तंजीम -ए- इंसाफ के राज्य महासचिव इरफान अहमद फातमी ने कहा कि आज देश को जरूरत है कि अल्पसंख्यकों के अधिकार को मजबूती से उठाना पड़ेगा। चाहे वह शिक्षा रोजगार का मामला हो या वक्त बोर्ड का सवाल हो या संविधान बढ़ाने का सवाल हो इन तमाम पहलुओं पर अल्पसंख्यकों को संवैधानिक स्तर से अपने अधिकार की लड़ाई लड़नी होगी। उन्होंने साथ ही शेखपुरा जिला के अल्पसंख्यकों को संबोधित करते हुए 21 एवं 22 दिसंबर 2024 को सिवान के बढ़िया में होने जा रहे राज्य सम्मेलन में शामिल होने का हवन किया। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य कार्यकारिणी सदस्य प्रभात कुमार पांडे ने कहा कि आपका नारा 'इंसाफ के लिए इंसाफ के साथ' यह बताता है कि आप इंसाफ के लिए लडिया साथ ही देश के अंदर में पंथनिरपेक्ष लोकतांत्रिक जो पार्टियां हैं जो संविधान की रक्षा के लिए गरीबों को



अधिकार दिलाने के लिए लड़ रही हैं उनके साथ एक जूता स्थापित करके अपनी आवाज को बुलंद करना होगा तभी जाकर देश की अखंडता एवं पंथनिरपेक्ष स्वरूप को बचाया जा सकता है। सभा को संबोधित करते हुए ऑल इंडिया तंजीम -ए- इंसाफ के जिला महासचिव जीशान रिजवी ने कहा कि अल्पसंख्यकों की रक्षा एवं उनके अधिकार को दिलाने के लिए सभी अल्पसंख्यकों को आल इंडिया तंजीम-ए-इंसाफ के बैनर तले एक होना होगा। आल इंडिया तंजीम -ए- इंसाफ पूरे देश भर में अल्पसंख्यकों की आवाज बना हुआ है। इस सम्मेलन में 11 सदस्य कमिटी का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से जीशान रिजवी जिला महासचिव, सैयद साबिर अली जिला अध्यक्ष, अहमद हुसैन जिला सचिव, एस. रहमान जिला कोषाध्यक्ष, खालिद मेराज जिला उपाध्यक्ष, सैयद जैनुल जिला संयोजक बनाए गए। इस सम्मेलन में मो. जहूर, शमस तबरेज, सैयद मो. शेरू, यामीन अशरफ, मो. जीशान. समीर खान, सफदर खान, मो. सोनू, सफदर खान, एहसान आलम समेत बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक समुदाय ने भाग लिया।

## नवजात की सुरक्षा पहली प्राथमिकता, स्वास्थ्य विभाग ने चलाया अभियान



लोक तंत्र की आवाज

**अजीत कुमार सिन्हा**

**शेखपुरा।** शेखपुरा सदर अस्पताल के प्रांगण में राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह मनाया गया, जिसकी अध्यक्षता सिविल सर्जन एवं अपर मुख्य चिकित्सक पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार ने किया। इस कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य विभाग एवं पिरामल फाउंडेशन के सहयोग से किया गया था। कार्यक्रम के दौरान सभी नवजात शिशुओं की माताओं एवं अन्य परिजनों को नवजात शिशुओं के उचित देखभाल हेतु वीडियो के माध्यम से तथा उनके साथ चर्चा परिचर्चा कर बताया गया। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार ने बताया कि जन्म से लेकर 28 दिनों का समय बहुत ही नाजुक होता है, इस दौरान नवजात शिशुओं की विशेष देखभाल की जानी चाहिये, खासकर कम वजन वाले बच्चों को हर दो घंटे पर माँ का स्तनपान कराया जाना चाहिये एवं उन्हें चिकित्सक की निगरानी में रखा जाना चाहिये। बच्चों को गर्म रखना एवं साफ़ सफाई का भी विशेष ध्यान रखना भी बहुत जरूरी है ताकि नवजात शिशु के शरीर का उचित तापमान बना रहे एवं किसी भी प्रकार के संक्रमण ना हो।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में जी एन एम कॉलेज की छात्राओं के सहयोग से नुक्कड नाटक का आयोजन किया गया जिसमें गर्भ के दौरान उचित देखभाल, नवजात शिशुओं की देखभाल, स्तनपान का महत्व एवं गंभीर स्थिति में चिकित्सीय परामर्श की आवश्यकता के बारे में बेहतरीन अभिनय के माध्यम से बताया गया! कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार, अपर मुख्य चिकित्सक पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार, सदर अस्पताल प्रबंधक धीरज कुमार एवं पिरामल फाउंडेशन के जिला प्रतिनिधि मो. तबरेज, सोनी झा, केशव ज्योति, गांधी फेलो सुमित, धर्वेंद्र ,शेष नारायण, व धीरज उपस्थित थे।

## नवादा में बेखौफ बदमाशों ने घर में घुसकर महिला को चाकू मारकर किया छीनछोर

लोक तंत्र की आवाज

**सुनील कुमार**

**नवादा।** नवादा में बेखौफ बदमाशों ने घर में घुसकर एक युवती पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस दरम्यान युवती ने भी बदमाशों का डटकर सामना किया, लेकिन बदमाशों के लगातार वार के आगे टिक नहीं पाई. चाकू लगने से युवती को लहूलुहान करने के बाद बदमाश युवती के गले से सोने की चेन लूटकर फरार हो गये. फिलहाल जख्मी हालत में युवती को सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। बताया जा रहा है कि बेखौफ बदमाश गलत नीयत से घर में प्रवेश कर गए. घर में अकेली देख युवती के साथ छेड़छाड़ व मारपीट की। वहीं, युवती द्वारा विरोध करने पर उसे चाकू से मार कर घायल कर दिया गया है। बेखौफ बदमाशों द्वारा युवती के गले से सोने की चेन भी छीन कर बदमाश चलते बने. ये घटना नगर थाना क्षेत्र की है. इस मामले में पीड़िता के बयान पर दर्ज प्राथमिक में दो लोगों को आरोपित किया गया है. इनमें अरुण यादव और महेश्वर यादव शामिल हैं. दोनों नगर थाना क्षेत्र के खेमचंद बीघा ननौरा गांव के निवासी छोटू यादव के पुत्र बताए जाते हैं. नगर थाना की पुलिस के मुताबिक घटना के बाद से दोनों आरोपित फरार बताए जा रहे हैं. पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है।

## 24 नंबर को जदयू का जिला सम्मेलन में 10 हजार लोगों का होगा जमवाड़ा,पूर्व विषयक रणधीर कुमार सोनी ने तैयारी की समीक्षा की

लोक तंत्र की आवाज

**अजीत कुमार सिन्हा**

**शेखपुरा।** शेखपुरा जिला जदयू कार्यालय में जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर जदयू कार्यालय में बैठक आयोजित किया गया. बैठक की अध्यक्षता शेखपुरा के पूर्व विधायक व जिला अध्यक्ष माननीय श्री रणधीर कुमार सोनी जी ने किया.24 नवंबर समय 11:00 बजे दिन में शेखपुरा के टाउन हॉल में जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर सभी प्रखंड अध्यक्षों के साथ सभी प्रकोष्ठों के अध्यक्षों के साथ जिला कमेटी के सभी पदाधिकारी गण के साथ पंचायत अध्यक्ष के साथ बैठक में सभी को दिशा निर्देश दिया गया. ज्यादा से ज्यादा संख्या में




शेखपुरा के टाउन हॉल पहुंच कर जिला कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर सभी को टास्क भी दिया गया. इस कार्यक्रम में मुंगेर प्रमंडल प्रभारी संतोष कुशवाहा शेखपुरा विधानसभा प्रभारी अरुण कुमार वर्मा बरबीघा विधानसभा प्रभारी संजय कांत मुकेश कुमार जैन अंजनी सिंह जी शामिल हुए. इस मौके पर अनिल साव डॉ महेश महतो सुनील कुमार चंद्रवंशी नरसिंह महतो राहुल कुमार धर्मेंद्र महतो मनोज कुशवाहा विनोद ठाकुर सुरेंद्र जी संजीव कुमार मनीष कुमार डॉ अर्जुन प्रसाद शिवली यादव प्रो राजेंद्र यादव जय प्रकाश महतो शेखर जी रामानंद गुप्ता उमेश पंडित प्रमोद चंद्रवंशी रामधार प्रसाद जयदेव कु कौशल कु जितेंद्र कुशवाहा सहित और अन्य लोग भी मौजूद थे।

## कौआकोल : सक्षमता उत्तीर्ण कर विशिष्ट शिक्षक बनें नियोजित शिक्षकों को मिला औपबंधिक नियुक्ति पत्र

लोक तंत्र की आवाज

**कौआकोल(नवादा)।** राज्य सरकार के निर्देश पर बुधवार को प्रखण्ड के बापू इंटर विद्यालय पाण्डेयगंगौट में विशेष शिविर का आयोजन कर सक्षमता परीक्षा पास कर विशिष्ठ शिक्षक बनें नियोजित शिक्षकों के बीच औपबंधिक नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। इसकी जानकारी देते हुए कौआकोल बीईओ सुशील कुमार ने बताया कि शिक्षा विभाग से प्राप्त निर्देश पर कौआकोल प्रखण्ड में सक्षमता उत्तीर्ण हुए 189 नियोजित शिक्षकों को औपबन्धिक नियुक्ति पत्र दिया गया। बापू इंटर विद्यालय में 176 जबकि नगर भवन नवादा में प्रखण्ड के 13 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया गया। उन्होंने बताया कि शिविर में पहली से



पांचवीं तक के 144, छठी से आठवीं तक के 19,नवमीं एवं दसवीं के 11 तथा ग्यारहवीं एवं बारहवीं के दो नियोजित शिक्षकों को शिविर में नियुक्ति पत्र दिया गया। मौके पर बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार,सीओ मनीष कुमार,स्थानीय मुखिया दीपक कुमार,रूपौ थानाध्यक्ष विनय कुमार,एमडीएम प्रभारी संजय पासवान,राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक अनूप प्रसाद यादव आदि मौजूद थे।

## नवादा में एक शख्स पर चाकू से ताबड़तोड़ जानलेवा हमला, जुआ खेलने के दौरान हुआ विवाद

लोक तंत्र की आवाज

**सुनील कुमार**

**नवादा ।** नवादा में एक युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया गया है, जिसे गंभीर हालत में सदर अस्पातल में भर्ती कराया गया है। बता दें कि जिले के नगर थानाक्षेत्र के मिर्जापुर में जुआ खेलने के दौरान यह घटना हुई है. मिर्जापुर टीओपी के कृष्णा खेल मैदान में जुआ खेला जा रहा था. इस दौरान पैसे को लेकर आपसी विवाद हुआ और दो युवक मिलकर एक युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला करने लगे. जिससे युवक गंभीर रूप से जख्मी होकर गिर गया। चाकूबाजी में घायल युवक की पहचान मिर्जापुर मोहल्ले के निवासी जागेश्वर यादव



के पुत्र रौशन कुमार उर्फ बिल्ला के रूप में की गई है. घटना के बाद स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए घायल रौशन कुमार को सदर अस्पताल में भर्ती करवाया है. जख्मी युवक द्वारा बताया गया कि मिर्जापुर मोहल्ले के अर्जुन चौधरी का पुत्र गुड्डू चौधरी और सुनील चौधरी द्वारा चाकू से जानलेवा हमला किया गया है. चाकूबाजी में घायल युवक का आपराधिक इतिहास रहा है। चाकूबाजी में जख्मी रौशन कुमार उर्फ बिल्ला एक महीना पहले ही जेल से बाहर आया है. पूर्व में हथियार और डकैती के मामले में पुलिस ने जेल भेजा था. स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां पर हमेशा असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है और जुआ खेला जाता है. पुलिस प्रशासन को जानकारी के बावजूद कोई एक्शन नहीं लिया जाता है .फिलहाल नगर थाना पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

## शेखपुरा के कारे गांव में पूर्व मुखिया स्वर्गीय मौलीचंद्र यादव की पुण्यतिथि पर भव्य श्रद्धांजलि कार्यक्रम

लोकतंत्र की आवाज

**अजीत कुमार सिन्हा**

**शेखपुरा।** शेखपुरा जिले के कारे गांव में 23 नवंबर को पूर्व मुखिया स्वर्गीय मौलीचंद्र यादव की पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई जाएगी। इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन कारे गांव की वर्तमान मुखिया पिंकी कुमारी और सामाजिक कार्यकर्ता बालमुकुंद यादव द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर स्वर्गीय मौलीचंद्र यादव के अनुयायी, समर्थक और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण के रूप में गरीबों और जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण का आयोजन किया जाएगा, ताकि सर्दी के मौसम में असहाय व्यक्तियों को राहत मिल सके। स्वर्गीय मौलीचंद्र यादव का कारे गांव और आसपास के क्षेत्रों में एक महत्वपूर्ण स्थान था। वे हमेशा समाज के विकास और कल्याण के लिए अग्रणी रहे थे। पंचायत स्तर पर उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों के साथ-साथ, उनका सामाजिक कार्यों में भी विशेष योगदान रहा, जिससे उन्होंने शेखपुरा जिले में सम्मान और प्रतिष्ठा अर्जित की। उनके नेतृत्व में कई महत्वपूर्ण योजनाओं को लागू किया गया, जो आज भी लोगों के बीच उनकी छवि को मजबूत बनाते हैं। उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर उनका परिवार और समर्थक उनकी यादों को संजोते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कंबल वितरण होगा, जिससे सर्दी के मौसम में गरीब और असहाय लोगों को राहत



मिलेगी। यह पहल स्वर्गीय यादव की समाजसेवा की भावना को जीवित रखने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इसके अलावा, कारे गांव में एक सार्वजनिक सभा का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें स्वर्गीय यादव के योगदान पर चर्चा की जाएगी और उनके कार्यों को याद किया जाएगा। सभा में कई प्रमुख नेता, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शामिल होंगे, जो उनके कार्यों और समाज के प्रति उनके योगदान को नमन करेंगे। स्वर्गीय मौलीचंद्र यादव की पुण्यतिथि पर आयोजित इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में न केवल कंबल, बल्कि अन्य राहत सामग्री भी वितरित की जाएगी, ताकि ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंदों तक मदद पहुंच सके। आयोजन स्थल पर सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए कार्यक्रम का संचालन किया जाएगा, जिससे कोरोना जैसी महामारी से बचाव सुनिश्चित किया जा सके। कारे गांव में स्वर्गीय यादव की पुण्यतिथि पर आयोजित इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन उनके परिवार के सदस्य और स्थानीय समाजसेवियों द्वारा किया जा रहा है। यह कार्यक्रम उनके योगदान और समाज में उनके द्वारा किए गए महान कार्यों को सम्मानित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर बनेगा। स्वर्गीय मौलीचंद्र यादव की पुण्यतिथि पर आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों लोगों के शामिल होने की संभावना है। इस दिन कारे गांव में एक बार फिर उनकी आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी और उनके योगदान को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य किया जाएगा।

## समारोह आयोजित कर विशिष्ट शिक्षकों को दिया गया औपबंधिक नियुक्ति पत्र

लोकतंत्र की आवाज

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरावा।** इंटर विद्यालय पकरीबरावां में एक समारोह आयोजित कर विशिष्ट शिक्षकों को औपबंधिक नियुक्ति पत्र दिया गया। समारोह का उदघाटन जिला परिषद सदस्या बच्चन देवी, प्रमुख रंजू कुमारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार, प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी सुशील कुमार एवं प्रखण्ड परियोजना प्रबंधक रितेश कुमार ने संयुक्त रूप से किया। बीडीओ एवं बीईओ ने नियोजित शिक्षकों को विशिष्ट शिक्षक बनने की बधाई दी। कहा कि पूरी तत्परता एवं निष्ठा से अपने कार्यों का निर्वहन करें।



औपबंधिक नियुक्ति पाकर शिक्षक शंभु कुमार, सुबोध कुमार, राहुल कुमार, राजेश कुमार पासवान, अमित कुमार, पंचम कुमार, रंजीत कुमार, खुशबू रानी, विद्याभूषण, सूर्यदेव प्रसाद यादव सहित अन्य ने प्रसन्नता व्यक्त की। समारोह में बीआरपी मेदनीकांत झा, किशोरी शरण वर्मा, सुंदर प्रसाद यादव, बीआरसी के कर्मी राजकुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### स्वक्षता के लिए मानिक पुर पंचायत का चयन




लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। पीरपैंत प्रखंड के अंतर्गत मानिक पुर पंचायत को स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत, स्वच्छता ही सेवा है ।विश्व शौचालय दिवस 2024 के तहत मानिकपुर पंचायत का चयन किया गया। मानिकपुर पंचायत के मुखिया सह जन सुराज पार्टी के जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार को इस कार्य के लिए भागलपुर टाउन हॉल में उप विकास आयुक्त के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर के सम्मानित किया गया। स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत, स्वच्छता से नाता जोड़ो गंदगी को पीछे छोड़ो इस अभियान के तहत मानिकपुर पंचायत का चयन किया गया ।इस कार्य के लिए ग्रामीणों ने मुखिया अरविंद साह को बधाई दी और अपने पूरे पंचायत को साफ सुथरा रखने का संकल्प लिया। वहीं दूसरी और वीडियो/ रील प्रतियोगिता में चंपा देवी बालिका उच्च विद्यालय की छात्रा संस्कृति आर्य ने विश्व शौचालय दिवस 2024 में प्रथम पुरस्कार प्राप्त की। छात्रा के इस उपलब्धि पर विद्यालय के सभी शिक्षकों ने विद्यालय में भी छात्र को सम्मानित किया। उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### प्राथमिकी अभियुक्त को भेजा जेल



लोकतंत्र की आवाज
दिलीपकुमार ठाकुर
खानपुर/समस्तीपुर। थाना कांड संख्या– 244/23 के गिरफ्तार प्राथमिकि अभियुक्त अभिषेक कुमार उम्र करीब 19 वर्ष पेसर अजय कुमार महतो साकिन शोभन वार्ड 3 थाना खानपुर जिला समस्तीपुर को उचित मार्गरक्षी दल के साथ सरकारी वाहन से माननीय न्यायालय समस्तीपुर में उपस्थापन कराने वास्ते भेजा गया की पुस्टि प्रभारी थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार ने की है।

### सार्वभौमिक बाल दिवस के अवसर पर एग्जाम फोबिया एकांकी किया गया प्रस्तुत



लोकतंत्र की आबाज
समस्तिपुर। जिले के राउम विद्यालय कन्या विष्णुपुर बथुआ सह उच्च माध्यमिक विद्यालय विशनपुर बथुआ, पूसा समस्तीपुर में बुधवार को चेतना सत्र में सार्वभौमिक बाल दिवस के अवसर पर एक्स फोबिया एकांकी को प्रस्तुत किया गया। बच्चे मौज मस्ती में समय बीता देते हैं और जब परीक्षा का समय आता है तो उनके सामने, डर तनाव का माहौल रहता है। जबकि हर बच्चा अपार संभावनाओं से भरा है। बस जरूरत है खुद को पहचानने की। इसी डर को निकालने के उद्देश्य से एकांकी प्रस्तुत किया गया। इस संबंध में प्रधानाध्यापक बिन्देश्वर साह द्वारा विस्तार से चर्चा किया गया। एकांकी का दिशानिर्देश विजेन्द्र कुमार झा और प्रिया भारती ने किया। इसमें साधना कुमारी, कल्पना कुमारी, कुमारी कंचन, संतोष कुमार, शालिनी, सपना, शोभा कुमारी, आरती, दीपक कुमार, अवधेश कुमार, अब्दुल कादिर, मीरा कुमारी, नूतन सिंहा, सिंधु कुमारी, अर्चना भारती आदि ने सहयोग किया।

### पीरपैंती प्रखंड स्तरीय सक्षमता उत्तीर्ण नियुक्ति पत्र वितरण किया गया



लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। शेरमारी बाजार उच्च विद्यालय में साक्षमता उत्तीर्ण औपबंधिक शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथि डॉ अर्जुन प्रसाद गुप्ता , बी डी ओ अभिमन्यु कुमार,प्रखंड प्रमुख रश्मि कुमारी, नगर पंचायत प्रतिनिधि कुंदन कुमार, बलदेव कुमार सहित तमाम आगंतुक अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की ।इस कार्यक्रम में साक्षमता उत्तीर्ण शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया गया। इससे शिक्षकों का चेहरे पर मुस्कुराहट नजर आई ।सक्षमता उत्तीर्ण शिक्षक अनुज कुमार , श्रवोत्तम शर्मा, जितेंद्र कुमार मिश्रा ,दीपेंद्र कुमार मिश्रा, बम बम सिंह, सुरेंद्र कुमार, रेवती रानी, जया मल्लिक, मो महताब आलम, मीनू कुमारी,अजीत कुमार सहित पूरे प्रखंड से लगभग 350 शिक्षक साक्षमता उत्तीर्ण शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया गया ।जिनमें से 30 नियुक्ति पत्र जिला स्तरीय वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय परिसर सम्मानित शिक्षकों से भरा पड़ा था।

# सनोखर में वाराणसी के गंगा महाआरती की तर्ज पर कार्तिक महाराज की महाआरती आयोजित की गई

लोकतन्त्र की आवाज



केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती/कहलगांव। सनोखर बाजार में आयोजित सात दिवसीय कार्तिक मेला समारोह के छठे दिन वाराणसी के गंगा महाआरती के तर्ज पर कार्तिक महाराज की महाआरती आयोजित की गई। बनारस से आए हुए पंडितों द्वारा विधि विधान द्वारा कार्तिक भगवान की महाआरती किया गया जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया । कार्तिक पूजा के यजमान अंकित टेकरीवाल ने बताया कि यहां कार्तिक मेले के अवसर पर पिछले तीन सालों से महाआरती का आयोजन किया जा रहा है ।

वहीं रात्रि में सनोखर बाजार स्थित रंगमंच पर डांस इंडिया डांस सीजन 3 का भव्य आयोजन हुआ जिसमें कहलगांव , भागलपुर , नवगछिया के अतिरिक्त झारखंड, पश्चिम बंगाल तथा अन्य राज्यों के कलाकारों ने भी अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया । कार्यक्रम का उद्घाटन जदयू के प्रदेश महासचिव ई० शुभानंद मुकेश द्वारा किया गया। शुभानंद मुकेश ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए मेला शांति समिति को अपनी शुभकामनाएं दी और लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से मेला का आनंद उठाने की अपील की। डांस इंडिया डांस कार्यक्रम में एकल नृत्य , युगल नृत्य तथा समूह नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ । एकल नृत्य प्रतियोगिता में पाकुड़ की प्रिया रॉय प्रथम , खड़गपुर के विशाल द्वितीय और पाकुड़ की सोमी दुबे तृतीय स्थान पर रहीं तथा युगल नृत्य में अमन - ऋतिका प्रथम , रौशन - आनंद द्वितीय और हर्ष - प्रशांत तृतीय स्थान पर रहे ।

वहीं समूह नृत्य में प्रथम स्थान पर डी डी एस ग्रुप कहलगांव , द्वितीय स्थान पर स्टार यूनिक डांस ग्रुप पाकुड़ , और तृतीय स्थान पर आर डी ए ग्रुप भागलपुर रहा । प्रथम , द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वालों को मेला समिति के अध्यक्ष नितिन भगत , कोषाध्यक्ष निक्कू कुमार और सचिव भीम साह के द्वारा कुल 22,000 की इनामी राशि ओर आकर्षक शील्ड प्रदान किया गया। अन्य सभी प्रतिभागियों को मेडल और सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस प्रतियोगिता में विवेकानंद सिंह और कृष्ण नंदन उपाध्याय ने जज की भूमिका निभाई तथा मंच का संचालन आर जे प्रदीप ने किया । मेला समिति के प्रियांशु राज , अमित गुप्ता , छोटेलाल सिंह, मिथिलेश सिंह, शिवांशु शर्मा , सर्वेश कुमार , आशीष महतो, आकाश गुप्ता , रौनक, सोल्जर, सूरज समेत सभी सदस्यों ने कार्यक्रम के आयोजन भूमिका निभाई। इस दौरान हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद थे। मेला में देर रात तक आस पास के इलाके के लोगों की भारी भीड़ लगी रही ।

## सड़क दुर्घटना में पीड़ित से मिले: राजीव रंजन, मदद करने का दिया आश्वासन



लोकतंत्र की आवाज

जगदीशपुर/भोजपुर। राजद नेता राजीव रंजन उर्फ पिंकू भइया ने पटना के एक बड़े निजी अस्पताल में जगदीशपुर प्रखंड के रामनगर निवासी अरुण कुमार सिंह से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। अरुण कुमार सिंह को हाल ही में सड़क दुर्घटना हुई थी, लेकिन अब उनकी सेहत में सुधार हो रहा है। राजीव रंजन ने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। जगदीशपुर विधानसभा राजद विधायक प्रत्याशी राजीव रंजन उर्फ पिंकू भैया ने कहा कि जगदीशपुर की जनता की हर संभव मदद करने के लिए मैं तैयार हूं। आजकल जो मुझे प्यार दुलार जगदीशपुर के जनता दे रही है तो मैं उनलोगों का सदा आभारी रहूंगा।

## सुपौल जिलाधिकारी कौशल कुमार ने किया सदर अस्पताल का निरीक्षण, दिए कई निर्देश

लोक तंत्र की आवाज

सुपौल। जिले सदर अस्पताल, सुपौल का डीएम कौशल कुमार ने औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी के द्वारा विभिन्न विभागों यथा-ओ0पी0डी0, आई0पी0डी0, इमरजेन्सी वार्डो का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में सदर अस्पताल, सुपौल में कार्यरत चिकित्सक एवं कर्मी के उपस्थिति पर संतोष जाहिर किया गया।

अस्पताल में मौजूद मरीजों से भी जिलाधिकारी द्वारा फीडबैक लिया गया। जिसमें कुछ मरीजों द्वारा अस्पताल की सेवा से संतुष्टि जाहिर किया गया तथा कुछ मरीजों द्वारा शिकायत भी की गई जिसका त्वरित निष्पादन हेतु जिलाधिकारी द्वारा सिविल सर्जन सुपौल सह अधीक्षक सदर अस्पताल को निर्देशित किया गया। ओ0पी0डी0 में टोकन सुविधा को लागू करने हेतु अस्पताल प्रबंधक को निदेशित किया गया। निरीक्षण के दौरान श्री सुधीर कुमार, उप विकास आयुक्त, सुपौल, सिविल सर्जन, सुपौल, श्री विकास कुमार कर्ण, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा, सुपौल, जिला संचारी रोग पदाधिकारी, सुपौल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, डी0एच0एस0, सुपौल, जिला लेखा प्रबंधक, सुपौल, उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, सुपौल, जिला योजना समन्वयक, सुपौल, जिला अनुश्रवण एवं मूल्याकंन पदाधिकारी, सुपौल, अस्पताल प्रबंधक, सदर अस्पताल, सुपौल।



## जन्मतिथि को पुण्यतिथि प्रखंड अध्यक्ष द्वारा मानना दुर्भाग्यपूर्ण, रोहित आनंद शुक्ला

लोकतंत्र की आवाज

मोहम्मद सबरार आलम
बिहपुर।19 नवंबर को देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी जी का पूरे देश में जयंती मनाई गई। लेकिन मंगलवार को भागलपुर जिले के अखबार में प्रकाशित बिहपुर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद इरफान आलम के नेतृत्व में पुण्यतिथि मनाई गई। जिसको लेकर राजनीतिक गलियों में घमासान मचा हुआ है । कांग्रेस पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रोहित आनंद शुक्ला ने कहा कि इरफान आलम संतुलन खो चुके है।

जबकि इस प्रकार की घटना नहीं होनी चाहिए यह पूरे देश का अपमान है इससे पूर्व में भी झंडा उल्टा फैलाने का मामला प्रकाश में आया था। जो काफी दर्दनाक घटना था । लगातार मीडिया



सोशल मीडिया में चर्चाएं जोड़ों पर थी रोहित आनंद शुक्ला ने कहा कि अगर कांग्रेस उच्च पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष इस पर संज्ञान नहीं लेते हैं तो पार्टी को भारी

- रोहित आनंद शुक्ला ने कहा पद से तत्काल इस्तीफा देना चाहिए प्रखंडअध्यक्ष इरफान आलम को

नुकसान हो सकता है 2025 में होने वाले विहार विधानसभा चुनाव में यह मुद्दा बिहपुर विधानसभा के लिए घातक हो सकता है।उन्होंने आगे आरोप लगाया है कि इरफान आलम को प्रखंड अध्यक्ष बनने से 2 साल से ज्यादा का वक्त हो चुका है लेकिन अब तक प्रखंड कमेटी नहीं बनाई है। और ना ही किसी प्रकार का पार्टी को लेकर कोई कार्य किया जाता है इरफान आलम को तत्काल अपने पद पर से इस्तीफा दे देना चाहिए।

## खानपुर प्रखंड संसाधन केंद्र मसीना शिक्षकों को नियुक्ति पत्र का किया गया वितरण

लोकतंत्र की आवाज़

दिलीपकुमार ठाकुर
खानपुर/समस्तीपुर। प्रखंड में नियोजित शिक्षक सक्षमता परीक्षा पास करने के बाद राज्यभर में कुल 1 लाख 14 हजार 138 शिक्षकों को सरकार ने राज्यकर्मी का दर्जा दे दिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के अधिवेशन भवन में बुधवार को 200 नियोजित शिक्षकों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया। जबकि अन्य शिक्षकों को उनके आपने जिले और प्रखंड में हीं नियुक्ति पत्र सौंपा गया।

नियुक्ति पत्र पाने वाले नियोजित शिक्षक अब विशिष्ट शिक्षक कहलाएंगे। वही खानपुर प्रखंड संसाधन केंद्र मसीना में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार चंद्रा



और प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी लक्ष्मी कुमारी ने संयुक्त रूप से प्रखंड के 336 सक्षमता पास शिक्षकों को औपबंधित नियुक्ति पत्र सौंपा।

नियुक्ति पत्र पाने वालों में लाल बाबू, शैलेन्द्र कुमार झा, सीमा कुमारी, गिरीशचंद्र यादव, अरविंद कुमार, नवीन कुमार, निरंजन कुमार महतो कुमार सानू, अमिता कुमारी, मो मुस्लिम, रंजीत कुमार सहनी, परमानंद सहनी, रामप्रवेश राय, विजय कुमार पासवान के अलावा बीआरपी विष्णु देव प्रसाद सिंह, । शत्रुघ्न शर्मा, बी पी एम शौकत इमाम, । किशोर कुमार, । मिथिलेश कुमार, विकास सिंह, । सौरभ कुमार, शिव कुमार, ललित कुमार सिंह, ओम प्रकाश, सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे है। नियुक्ति पत्र पाकर खुश दिखे है।

## खानपुर ब्लॉक पैक्स निर्वाचन वास्ते अठारह पैक्स की संविक्षा पूर्ण हो गई

लोकतंत्र की आवाज

दिलीपकुमार ठाकुर
खानपुर/समस्तीपुर। प्रखंड मुख्यालय में बीडीओ विजय चंद्र की अध्यक्षता में 18 पैक्स चुनाव के नामांकन की समीक्षा की गई। जिसमे एक नामांकन रद्द किया गया। पिछड़ा वर्ग पैक्स जहांगीरपुर रामपुरी देवी का जिन्होंने जाति प्रमाण पत्र जमा नहीं होने के कारण वह मान्य नहीं किया गया। इसके अलावा दो उम्मीदवारों ने दो सेट में नामांकन दाखिल किया।

खैरी पैक्स में अध्यक्ष पद के लिए केवल एक नामांकन हुआ। इन 18 पैक्सों के लिए 3 महिला और 56 पुरुष कुल 59 उम्मीदवारों ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया, जबकि सदस्य पद




के लिए 91 महिला और 185 पुरुष कुल ने अपना नामांकन दाखिल किया। इन नामांकनों में से एक को अवैध पाया गया।नाम वापसी की अंतिम तिथि 22 नवंबर तक निर्धारित की गई है। इसके बाद सभी उम्मीदवारों को सिंबल आवंटित कर दिए जाएंगे। 29 नवंबर मतदान की तिथि निर्धारित है।

## जिला अपर परिवहन पदाधिकारी ने एकमा सीएसपी का किया औचक निरीक्षण






- एकमा सीएचसी के औचक निरीक्षण में संतुष्ट नजर आए जिला अपर परिवहन पदाधिकारी मोहम्मद सुलेमान आलम

लोकतंत्र की आवाज

छपरा/एकमा (प्रो अजीत कुमार सिंह सेंगर/वीरेंद्र कुमार यादव)। जिला अपर परिवहन पदाधिकारी मोहम्मद सुलेमान आलम द्वारा बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एकमा का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने ओपीडी मरीज, इमेरजेंसी मरीज, एक्स-रे, पैथोलॉजी, प्रसव, दवा उपलब्धता, साफ-सफाई आदि की गहनता से अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने मांझी रोड में हंसराजपुर स्थित पुराने सीएचसी भवन व कार्यालय का भी निरीक्षण किया। सफाई व सभी विभागों की जांच के बाद मो आलम संतुष्ट नजर आए।

इस अवसर पर एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गंगा सागर बिंदु, बीएचएम वहीद अख़्तर, ब्रजेश कुमार सिंह, बीके चौधरी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। निरीक्षण के बाद जिला अपर परिवहन पदाधिकारी मोहम्मद सुलेमान आलम ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न सीएचसी व पीएचसी का औचक निरीक्षण करने के लिए अलग-अलग जगहों पर अलग-अलग पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई थी। जिसके माध्यम से शासन-प्रशासन द्वारा यह जानने का प्रयास किया गया कि ओपीडी व इमरजेंसी में किस तरह के मरीज आ रहे हैं? उनका उपचार किस तरह से हो रहा है? दवाओं की उपलब्धता व वितरण की स्थिति कैसी है, चिकित्सा पदाधिकारी व स्वास्थ्य कर्मी के द्वारा आम जनता को स्वास्थ्य सुविधाओं का बेहतर लाभ पहुंचाता जा रहा है या नहीं। उन्होंने एकमा सीएचसी के निरीक्षण के बाद अस्पताल में की व्यवस्था, मरीजों के उपचार, दवाओं की उपलब्धता व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सहित अन्य चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति व सेवाओं को लेकर काफी संतुष्टि जताई।

## संक्षिप्त खबरें ।

### सड़क हादसे में एक 65 वर्षीय व्यक्ति की हुई मौत



बेटी के इलाज के लिए नेपाल से बगहा आ रहा है बाइक सवार ने मारी टक्कर बगहा। नेपाल के नवलपरासी, गुठी सूरज पुरा निवासी 65 वर्षीय सत्यनारायण मिश्रा कि मंगलवार कि देर शाम को एक सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय लोगों के द्वारा घटना की सूचना वाल्मीकि नगर थाना को दिया गया। मिलते ही थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह मौके पर पहुंच गए। शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए बगहा अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। बताया जा रहा है कि मृतक मंगलवार की शाम वह बाजार करने के लिए निकले थे, लेकिन रास्ते में एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना गंभीर था कि मिश्रा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक के चार बेटियों के पिता थे, जिनमें से तीन की शादी हो चुकी है। वे अपनी छोटी बेटी के एपेंडिक्स का इलाज कराने के लिए पिछले छह दिनों से बगहा में डॉ. राजू के यहां रुके हुए थे। वहीं थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना की आगे की जांच की जा रही है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि मृतक अपनी छोटी बेटी के इलाज के लिए बगहा आए थे। पुलिस हादसे को लेकर जांच शुरू कर दी है और बाइक सवार के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने स्थानीय नागरिकों से सड़क पर सतर्कता बरतने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है, ताकि ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

### मोतिहारी: भाजपा द्वारा संगठन पर्व अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया



ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत

पूर्वी चम्पारणः हरसिद्धि विधानसभा स्तरीय संगठन पर्व अभियान कार्यशाला की बैठक चम्पारण बैंक्वेट एंड रिसॉर्ट हाल हरसिद्धि में उपस्थित कार्यकर्ताओ एवं नेताओं को संबोधित किए, बिहार सरकार के गन्ना मंत्री कृष्णानंदन पासवान, वहीं सभा को सम्बोधित करते श्री पासवान ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीड की हड्डी है। पार्टी के कार्यकर्ताओं के वज़ह से ही देश भाजपा की सरकार है। इस अवसर पर भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह हरसिद्धि विधानसभा संयोजक इंजीनियर राकेश गुप्ता, लघु उद्योग मंच के जिला संयोजक पवन राज, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दीपक शर्मा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राज किशोर सिंह कुशवाहा, चारों मंडल अध्यक्ष छोटेलाल कुशवाहा, महेंद्र साहनी, वीरेंद्र पासवान, वीरेंद्र कुशवाहा, हरसिद्धि मंडल महामंत्री निकेश सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष हरेंद्र कुशवाहा सहित प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

### पिपरासी प्रखंड के 12 मतदान केन्द्रों पर होगा मतदान



मधुबनी से सूरज यादव

बगहा/ पिपरासी प्रखंड स्थित पैक्स चुनाव में कुल 12 मतदान केंद्र है। जबकि स्थानीय थाना क्षेत्र में दस मतदान केंद्र है। दो मतदान केंद्र बलूआ ठोरी का नदी थाना क्षेत्र अंतर्गत है। दस मतदान केंद्र पर जिला मुख्यालय से अतरिक्त पुलिस बल की मांग थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने की है। प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ ओम राजपूत भी पुलिस बल से संबंधित सूचना जिला मुख्यालय को शांतिपूर्ण मतदान के लिए रिपोर्ट भेज गया है।

# बच्चों के भविष्य को संवारना हम सभी का काम : माननीय मंत्री

लोकतंत्र की आवाज

**माता–पिता से बड़ा दर्जा गुरूका है। शिक्षक समय से विद्यालय आएं और जाएं।**



क्षितिज राज

बच्चों की प्रतिभा को देखते हुए उन्हें प्रोत्साहित करें और उनका भविष्य उज्जवल बनाएं।समाहरणालय सभाकक्ष में पश्चिम चम्पारण जिले के 04 हजार आठ सौ 55 विशिष्ट शिक्षकों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह सम्पन्न।बेतिया। पश्चिम चम्पारण जिले के 04 हजार आठ सौ 55 विशिष्ट शिक्षकों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन आज समाहरणालय सभाकक्ष में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि श्री जनक राम, माननीय मंत्री, अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग–सह–प्रभारी मंत्री द्वारा समारोह का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्जवलित कर किया गया। समारोह की अध्यक्षता प्रभारी जिला पदाधिकारी, श्री सुमित कुमार द्वारा की गयी।समारोह में माननीय मंत्री सहित उपस्थित अन्य माननीय जनप्रतिनिधिगणों एवं अधिकारीगणों द्वारा सक्षमता परीक्षा उतीर्ण 4855 शिक्षकों को औपबंधिक नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। औपबंधिक नियुक्ति पत्र पाकर शिक्षक काफी प्रसन्न दिखे।इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री जनक राम, माननीय मंत्री, अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग–सह–प्रभारी मंत्री ने कहा कि शिक्षक की बदौलत मैं आज यहां खड़ा होकर बोल रहा हूं। माता–पिता से बड़ा दर्जा गुरू का है। सरकारी विद्यालय सिर्फ निर्धन बच्चों के लिए ही है, इस मिथक को तोड़ना है। गरीबों को गरीबी से निकालने का पहला मंत्र शिक्षा ही है। आपके अंदर बहुत ताकत है, इस ताकत को निखारिए। बच्चों के भविष्य को संवारना हम सभी का काम है। उन्होंने सभी शिक्षकों को सरकार, जिला प्रशासन के तरफ से शुभकामनाएं देते हुए उन्हें हृदय से बधाई दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यालयों में समय दें। समय से विद्यालय आएं और जाएं। बच्चों की प्रतिभा को देखते हुए उन्हें प्रोत्साहित करें और उनका भविष्य उज्जवल बनाएं।उन्होंने कहा कि बिहार के स्थानीय निकाय द्वारा नियुक्त शिक्षकों द्वारा नियमित शिक्षक के दर्जा की मांग की जा रही थी। शिक्षकों की मांग को ध्यान में रखते हुए माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी ने बिहार में स्थानीय निकाय द्वारा नियुक्त शिक्षकों को विशिष्ट शिक्षक का दर्जा देने का निर्णय लिया गया। विशिष्ट शिक्षक बनने के लिए बिहार सक्षमता परीक्षा उतीर्ण करना अनिवार्य किया गया। बिहार सक्षमता परीक्षा 2023 के प्रथम चरण में सक्षमता परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें सफल/उतीर्ण 114138 शिक्षकों को विशिष्ट शिक्षक के रूप में नियुक्त करने का निर्णय बिहार सरकार द्वारा लिया गया।उन्होंने कहा कि प्रथम चरण के सक्षमता परीक्षा उतीर्ण स्थानीय निकाय के शिक्षकों को माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार द्वारा विशिष्ट शिक्षक के रूप में आज पटना में औपबंधिक नियुक्ति पत्र वितरण करने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में इस जिले में स्थानीय निकाय के शिक्षक जो प्रथम चरण में सक्षमता परीक्षा उतीर्ण किए हैं, को विशिष्ट शिक्षक के रूप में 4436 प्रारंभिक शिक्षक, 291 माध्यमिक शिक्षक तथा 128 उच्च माध्यमिक शिक्षक, कुल–4855 शिक्षकों को आज यहां औपबंधिक नियुक्ति पत्र वितरण किया जा रहा है।इस अवसर पर माननीय विधायक, श्री नारायण प्रसाद, श्री उमाकांत सिंह, माननीय विधान पार्षद, श्री सौरभ कुमार, माननीय मेयर, नगर निगम बेतिया, श्रीमती गरिमा देवी सिकारिया, उपाध्यक्ष, 20 सूत्री, श्री रूपक कुमार श्रीवास्तव, प्रभारी जिला पदाधिकारी, श्री सुमित कुमार, अपर समाहर्ता–सह–जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, श्री अनिल कुमार सिन्हा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, श्री रजनीकांत प्रवीण सहित शिक्ष विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### पुलिस ने फर्जी एटीएम कार्ड रैकेट का किया भंडाफोड़



लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

**बगहा।** रामनगर में पुलिस ने फर्जी एटीएम कार्ड रैकेट का भंडाफोड़ किया है। यह कार्रवाई रामनगर अंबेडकर चौक स्थित एसबीआई एटीएम के पास संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने पर की गई। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से 49 फर्जी एटीएम कार्ड और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान उत्तर प्रदेश के घुघुली थाना खडेसर के सतीश कुमार (25) और पूर्वी चंपारण के आदापुर थाना के ढेकहिया निवासी असलम हुसैन (23) के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने छापेमारी करते हुए दोनों संदिग्धों को एटीएम में फर्जी तरीके से कार्ड का उपयोग करते हुए रंगे हाथों पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि वे लोगों के एटीएम कार्ड की जानकारी चोरी कर नकली कार्ड बनाते थे और फिर पैसे निकालते थे। पुलिस ने उनके पास से विभिन्न बैंकों के 49 फर्जी एटीएम कार्ड और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। रामनगर एसडीपीओ नंदजी प्रसाद ने बताया कि यह गिरोह राज्य के कई हिस्सों में सक्रिय है और बेतिया सहित अन्य जगहों पर अनपढ़ लोगों के एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करता था। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपियों ने गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी है, जिसकी जांच जारी है। रामनगर अंचलाधिकारी अजय कुमार, थानाध्यक्ष ललन कुमार और अन्य पुलिसकर्मियों ने इस ऑपरेशन में अहम भूमिका निभाई। फिलहाल दोनों आरोपियों को जेल भेजने की तैयारी की जा रही है।

### पानी की किल्लत से लोगों के बीच मचा हाहाकार



लोकतंत्र की आवाज

**बगहा।** पानी के लिए वाल्मीकिनगर के गंडक प्रोजेक्ट क्षेत्र में हाहाकार मचा हुआ है। गंडक प्रोजेक्ट मोहल्ले के निवासियों को प्रतिदिन पीने के पानी के लिए जूझना पड़ता है। अहले सुबह स्थानीय लोगों को एक से डेढ़ किमी की दूरी तय कर पेयजल लाना पड़ता है। बता दें कि गंडक बराज के निर्माण के साथ ही इस इलाके में पेयजल सप्लाई हेतु जलापूर्ति प्रतिष्ठान की स्थापना की गई थी। जिसके माध्यम से गंडक प्रोजेक्ट को पानी की सप्लाई की जाती है। सप्लाई मोटर में आई तकनीकी खराबी के कारण जलापूर्ति प्रतिष्ठान से विगत चार दिनों से जलापूर्ति बाधित है। ऐसे में आए दिन पेयजल के लिए हाहाकार मच जाता है। विडंबना यह है कि अधिकांश सरकारी प्रतिष्ठान, अधिकारियों के आवास, गेस्ट हाउस आदि सभी पेयजल संकट ग्रस्त क्षेत्र में आते हैं। नल–जल योजना का लाभ सभी ग्रामीणो को नहीं मिल पा रहा है। इस बाबत जलापूर्ति प्रतिष्ठान के कनीय अभियंता अभिषेक कुमार ने बताया कि सप्लाई मोटर में खराबी आने से यह समस्या उत्पन्न हुई है। इस समस्या के बाबत उच्च अधिकारियो को सूचित किया गया है। मोटर मरम्मत होते ही जलापूर्ति की जाएगी।

## पैक्स चुनाव के दूसरे दिन पैक्स अध्यक्ष पद पर 20 एवं कार्यकारिणी सदस्य पद पर 61 लोग ने किया नामांकन

लोकतंत्र की आवाज



ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

**बगहा ।** में आगामी पैक्स चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है इस दौरान बुधवार को नामांकन करने के लिए प्रखंड बगहा एक के मुख्यालय में कडी सुरक्षा के बीच नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई। जिसमें चुनाव के नामांकन के अभ्यर्थियों के साथ समर्थकों की भरी भीड़ देखने को मिला जहां पुराने प्रखण्ड में बनाए गए चार काउंटरों पर विभिन्न पंचायतों के अभ्यर्थियों ने उत्साह के साथ अपना अपना नामांकन पर्चा दाखिल किए। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर प्रखंड परिसर में बगहा पुलिस प्रशासन एवं अंचल पुलिस कर्मी तैनात रहें। वही हेल्प डेस्क पर अधिकतर अभ्यार्थी अध्यक्ष व सदस्य पद के नामांकन करने के लिए जरूरी कागजातों की जांच कराते एवं जानकारी प्राप्त करते दिखे। वही मजिस्ट्रेट के रूप राजस्व अधिकारी विकास कुमार प्रखंड मुख्यालय परिसर की निगरानी करते दिखे। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह आरओ प्रदीप कुमार ने बताया कि प्रखंड बगहा एक के 19 पैक्सो के लिए दूसरे दिन तीन काउंटरों पर 20 अभ्यर्थियों ने अध्यक्ष पद पर अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। तो वही कार्यकारणी सदस्य पद पर 61 अभ्यर्थियों ने नामांकन पर्चा भरा। वही पैक्स चुनाव नामांकन के दूसरे दिन शांतिपूर्ण माहौल में नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई। वही नामांकन काउंटर पर 3 बजे तक जो अभ्यर्थी थे उन सभी का नामांकन हेतु आवदेन लिया गया। जहां विभिन्न पंचायतों के अभ्यर्थियों ने पैक्स अध्यक्ष व कार्यकारिणी सदस्य पद पर अपना नामांकन पर्चा दाखिला किया है। इस दौरान रायबारी महुआ पंचायत के पैक्स अध्यक्ष पद पर आसिफ जावेद उर्फ शामू ने पहली बार अपना नामांकन पर्चा भरा है। तो वही चंद्रपुर रतवल पंचायत से पैक्स अध्यक्ष पद पर नूतन देव राव पटीलार पंचायत से पैक्स अध्यक्ष पद पर मकसूदन यादव, महीपुर भतौड़ा पंचायत से पैक्स अध्यक्ष पद पर चौथी बार विधा भूषण यादव, बड़गांव पंचायत से पैक्स अध्यक्ष पद पर विपिन कुमार शर्मा, अभिषेक शंकर सिंह समेत अन्य 20 अभ्यर्थियों ने खबर लिखे जाने तक पैक्स अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पर्चा भरा था। जबकि सदस्य पद के लिए 61 सदस्यों ने अपना नामांकन पर्चा भरा है। खबर भेजे जाने तक पैक्स चुनाव नामांकन तीन काउंटरों की ही जानकारी प्राप्त हो सकती जबकि एक काउंटर जानकारी प्राप्त नहीं हुआ। मौके पर मजिस्ट्रेट विकास कुमार, बीपीआरओ अनिल कुमार, जेएसएस लक्ष्मीकांत श्रीवास्तव, बीडबल्यूओ साक्षी मिश्रा एलईओ रवि भूषण आदि सहकर्मी एवं पुलिस बल मौजूद रहें।

## एसएसबी और नेपाल एपीएफ के जवानों ने तस्करी एवं अवैध गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए किया जॉइंट पेट्रोलिंग

लोकतंत्र की आवाज



**बगहा ।** भारत नेपाल अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर, गंडक बराज के खुले सीमा क्षेत्र में तस्करी, मानव तस्करी एवं अवैध गतिविधियों के विरुद्ध भारत और नेपाल के सुरक्षा कर्मियों ने मुहिम छेड़ दिया है। बुधवार को दोनों देशों के सुरक्षा कर्मियों ने गंडक बराज और गंडक नदी के खुले सीमा क्षेत्र में एसएसबी के डॉग स्क्वायड टीम के साथ ज्वाइंट पेट्रोलिंग की। इस पेट्रोलिंग का नेतृत्व एसएसबी गंडक बराज बी कंपनी के इंस्पेक्टर पंकज कुमार और नेपाल एपीएफ के इंस्पेक्टर गणेश बहादुर थापा ने संयुक्त रूप से किया। इस बाबत जानकारी देते हुए एसएसबी के इंस्पेक्टर पंकज कुमार ने बताया कि वर्तमान में गंडक नदी का जलस्तर काफी कम हो चुका है। जिसके कारण सीमा पार से अवैध गतिविधि एवं तस्करी का कारोबार बढ़ सकता है। जिसको लेकर दोनों देशों के सुरक्षाकर्मी अलर्ट मोड में हैं। गंडक नदी के जल स्तर में गिरावट होने के बाद तस्करों का मनोबल बढ़ जाता है। जिस पर नकेल कसने के लिए सीमा सुरक्षा में तैनात जवानों द्वारा मुहिम छेड़ दिया गया है। किसी भी तरह के अवैध गतिविधि एवं अशांति फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। जॉइंट पेट्रोलिंग में भारतीय सुरक्षा कर्मियों में इंस्पेक्टर पंकज कुमार, हेड कांस्टेबल अमरेंद्र कुमार, धीरेंद्र कुमार गुप्ता, अश्विनी कुमार, कुलदीप सिंह तथा नेपाल एपीएफ के तरफ से राजकुमार थापा, विष्णु थापा, गोविंद थापा के साथ अन्य जवान शामिल रहे।

## मोतिहारी पुलिस और अपराधी में एनकाउंटर, कुख्यात समीर सिंह पहुंचा अस्पताल

लोकतंत्र की आवाज



**पूर्वी चंपारण।** जिले में पुलिस और अपराधी के बीच हुई मुठभेड़। घटना कोटवा थाना क्षेत्र की है। इसमें अपराधी समीर सिंह के दोनों पैरों में गोली लगी है। जख्मी समीर सिंह को पुलिस ने इलाज के लिए कोटवा सीएचसी में भर्ती कराया है।बताया जाता है कि, दो दिन पहले यानी 18 नवंबर की देर शाम आइसीआइसीआई बैंक कर्मी के साथ लूटपाट के दौरान उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। इस मामले में वैज्ञानिक अनुसंधान के बाद पुलिस ने समीर सिंह को गिरफ्तार किया। समीर की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त हथियार बरामद करने गई पुलिस पर छुपाये गए हथियार से समीर ने फायर कर दिया ?। जिस दौरान पुलिस ने आत्मरक्षार्थ फायरिंग की, जिसमें समीर सिंह जख्मी हो गया। उसके दोनों पैरों में गोली लगी है.एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि अपराधी समीर सिंह संग्रामपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। उसपर दर्जनों लूट के मामले दर्ज हैं. मोतिहारी में यह तीन लूटकांडों में फरार चल रहा था। अररिया के रिमांड होम से यह कुछ दिन पहले फरार हुआ था. जिस मामले में अररिया में एक सनहा भी दर्ज है। विगत 18 नवंबर को एक बैंककर्मी की गोली मारकर उसकी बाइक लूट ली गयी थी। जिस घटना के उद्भेदन के लिए एसआईटी का गठन किया गया। एसआईटी ने 24 घंटे के अंदर मामले की खुलासा कर दिया है। घटना में शामिल कुख्यात शार्प शूटर समीर सिंह को एसआईटी ने गिरफ्तार किया। मृतक की लूटी गई बाइक बरामद कर ली गई है। स्वर्ण प्रभात, एसपी, पूर्वी चंपारण एसपी के अनुसार, गिरफ्तार समीर सिंह ने पूछताछ में बताया कि लूटपाट का विरोध करने पर उसने गोली चला दी थी. इस घटना में दो अन्य अपराधी शामिल थे। जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार समीर सिंह की निशानदेही पर एसआईटी उसको साथ लेकर उसके बताये जगह पर छुपाकर रखे गए हथियार को बरामद करने गई थी। जहा छुपाये गए हथियार से उसने हमला कर भागना चाहा। बता दें कि, विगत 18 नवंबर की शाम डुमरियाघाट थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक बैंककर्मी अनीश कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी और उसकी बाइक लूटकर फरार हो गए। बैंककर्मी सारण जिला के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र स्थित मेहिया लोहड़ी गुरुकुल गांव का रहने वाला था और ढ़ाका के पचपकड़ी स्थित निजी फाइनांस बैंक का ब्रांच मैनेजर था। वह अपने बेटे के जन्मदिन को लेकर घर जा रहा थे। उसी दौरान डुमरियाघाट थाना क्षेत्र में अपराधियों ने अनीश की गोली मारकर हत्या कर दी और उसकी बाइक लेकर फरार हो गए।

## अनुमंडल पदाधिकारी ने सदर अस्पताल मोतिहारी का किया औचक निरीक्षण – पिकू भवन, एमसीएच भवन, ब्लड बैंक एवं ओपीडी का किया निरीक्षण – व्यवस्था में सुधार का दिया निर्देश

लोकतंत्र की आवाज



ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत

**मोतिहारी ।**20 नवंबर, बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी श्वेता भारती के द्वारा सदर अस्पताल मोतिहारी का औचक निरीक्षण किया गया' इस दौरान निरीक्षण के क्रम में पीकू भवन, एमसीएच भवन, ब्लड बैंक एवं ओपीडी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में अस्पताल प्रबंधक कौशल कुमार दुबे एवं सिविल सर्जन डॉक्टर विनोद कुमार सिंह ने अस्पताल की व्यवस्था की जानकारी एसडीएम को दी।मौके पर श्वेता भारती ने स्वास्थ्य कर्मियों को साफ सफाई व्यवस्था के साथ मुस्तदी पूर्वक ड्यूटी करने का आवश्यक दिशा निर्देश दिया।उन्होंने एमसीएच बिल्डिंग के आस–पास लगने वाले गाड़ी व अनावश्यक लोगों की भीड़ पर लगाम लगाने एवं सुधार करने का निर्देश दिया।इस निरीक्षण के क्रम में उनके साथ डॉ विजय कुमार वर्मा उपाधीक्षक सदर अस्पताल मोतिहारी, डॉ पंकज कुमार नोडल पदाधिकारी , जिला कार्यक्रम प्रबंधक विश्व मोहन ठाकुर. जिला लेखा प्रबंधक, एवं अतुल कुमार लेखा प्रबंधक सदर अस्पताल एवं रोहित राज मौजूद थे।

## बच्चों की प्रतिभा को देखते हुए उन्हें प्रोत्साहित करें और उनका भविष्य उज्जवल बनाएं।

लोकतंत्र की आवाज



ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

समाहरणालय सभाकक्ष में पश्चिम चम्पारण जिले के 04 हजार आठ सौ 55 विशिष्ट शिक्षकों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह सम्पन्न।पश्चिम चम्पारण जिले के 04 हजार आठ सौ 55 विशिष्ट शिक्षकों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन आज समाहरणालय सभाकक्ष में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि जनक राम, माननीय मंत्री, अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग–सह–प्रभारी मंत्री द्वारा समारोह का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्जवलित कर किया गया। समारोह की अध्यक्षता प्रभारी जिला पदाधिकारी, सुमित कुमार द्वारा की गयी।समारोह में माननीय मंत्री सहित उपस्थित अन्य माननीय जनप्रतिनिधिगणों एवं अधिकारीगणों द्वारा सक्षमता परीक्षा उतीर्ण 4855 शिक्षकों को औपबंधिक नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। औपबंधिक नियुक्ति पत्र पाकर शिक्षक काफी प्रसन्न दिखे।इस अवसर पर अपने संबोधन में जनक राम, माननीय मंत्री, अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग–सह–प्रभारी मंत्री ने कहा कि शिक्षक की बदौलत मैं आज यहां खड़ा होकर बोल रहा हूं। माता–पिता से बड़ा दर्जा गुरू का है। सरकारी विद्यालय सिर्फ निर्धन बच्चों के लिए ही है, इस मिथक को तोड़ना है। गरीबों को गरीबी से निकालने का पहला मंत्र शिक्षा ही है। आपके अंदर बहुत ताकत है, इस ताकत को निखारिए। बच्चों के भविष्य को संवारना हम सभी का काम है। उन्होंने सभी शिक्षकों को सरकार, जिला प्रशासन के तरफ से शुभकामनाएं देते हुए उन्हें हृदय से बधाई दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यालयों में समय दें। समय से विद्यालय आएं और जाएं। बच्चों की प्रतिभा को देखते हुए उन्हें प्रोत्साहित करें और उनका भविष्य उज्जवल बनाएं। उन्होंने कहा कि बिहार के स्थानीय निकाय द्वारा नियुक्त शिक्षकों द्वारा नियमित शिक्षक के दर्जा की मांग की जा रही थी। शिक्षकों की मांग को ध्यान में रखते हुए माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी ने बिहार में स्थानीय निकाय द्वारा नियुक्त शिक्षकों को विशिष्ट शिक्षक का दर्जा देने का निर्णय लिया गया। विशिष्ट शिक्षक बनने के लिए बिहार सक्षमता परीक्षा उतीर्ण करना अनिवार्य किया गया। बिहार सक्षमता परीक्षा 2023 के प्रथम चरण में सक्षमता परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें सफल/उतीर्ण 114138 शिक्षकों को विशिष्ट शिक्षक के रूप में नियुक्त करने का निर्णय बिहार सरकार द्वारा लिया गया। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण के सक्षमता परीक्षा उतीर्ण स्थानीय निकाय के शिक्षकों को माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा विशिष्ट शिक्षक के रूप में आज पटना में औपबंधिक नियुक्ति पत्र वितरण करने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में इस जिले में स्थानीय निकाय के शिक्षक जो प्रथम चरण में सक्षमता परीक्षा उतीर्ण किए हैं, को विशिष्ट शिक्षक के रूप में 4436 प्रारंभिक शिक्षक, 291 माध्यमिक शिक्षक तथा 128 उच्च माध्यमिक शिक्षक, कुल–4855 शिक्षकों को आज यहां औपबंधिक नियुक्ति पत्र वितरण किया जा रहा है।इस अवसर पर माननीय विधायक, नारायण प्रसाद, उमाकांत सिंह, माननीय विधान पार्षद, सौरभ कुमार, माननीय मेयर, नगर निगम बेतिया, श्रीमती गरिमा देवी सिकारिया, उपाध्यक्ष, 20 सूत्री, रूपक कुमार श्रीवास्तव, प्रभारी जिला पदाधिकारी, सुमित कुमार, अपर समाहर्ता–सह–जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनिल कुमार सिन्हा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, रजनीकांत प्रवीण सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मोतिहारीः भाजपा द्वारा संगठन पर्व अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया



ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत

पूर्वी चम्पारणः हरसिद्धि विधानसभा स्तरीय संगठन पर्व अभियान कार्यशाला की बैठक चम्पारण बैंक्वेट एंड रिसॉर्ट हाल हरसिद्धि में उपस्थित कार्यकर्ताओ एवं नेताओं को संबोधित किए,बिहार सरकार के गन्ना मंत्री कृष्णानंदन पासवान, वहीं सभा को सम्बोधित करते श्री पासवान ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीड की हड्डी है। पार्टी के कार्यकर्ताओं के वज़ह से ही देश भाजपा की सरकार है। इस अवसर पर भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य राजेंद्र प्रसाद गुप्ता,भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह हरसिद्धि विधानसभा संयोजक इंजीनियर राकेश गुप्ता, लघु उद्योग मंच के जिला संयोजक पवन राज, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दीपक शर्मा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राज किशोर सिंह कुशवाहा, चारों मंडल अध्यक्ष छोटेलाल कुशवाहा, महेंद्र साहनी,वीरेंद्र पासवान,वीरेंद्र कुशवाहा, हरसिद्धि मंडल महामंत्री निकेश सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष हरेंद्र कुशवाहा सहित प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित हुए। ब्रेकिंग मोतिहारी। पहाड़पुर पुलिस ने इब्राहिमपुर से बिजली तार चोरी करने वाले गिरोह के सात लोगों को पकड़ा....पकड़े गए चोरों के पास से एक देशी कट्टा व कारतूस के साथ बिजली तार काटने वाला समान हुआ बरामद....पिकअप गाड़ी व बोलोरो सहित करीब साढ़े तीन क्विंटल चोरी के तार भी पुलिस ने किया है बरामद...मामले में पहाड़पुर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर पकड़े गए चोरों को भेजा जेल।

### वारिसनगर में 315 शिक्षकों को दिया गया नियुक्ति पत्र



समस्तीपुर। जिले के वारिसनगर प्रखंड मुख्यालय स्थित आदर्श मध्य विद्यालय वारिसनगर के परिसर में बुधवार को सैकड़ो शिक्षकों को औपबंधिक नियुक्ति पत्र दिया गया। प्रखंड परियोजना प्रबंधक मो आरिफ जमाल ने बताया की 392 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र देना था। बुधवार को 315 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दे दिया गया है और शिक्षकों को दिया जा रहा है। साथ ही उन्होंने बताया की प्रखंड से 31 शिक्षकों को जिला मुख्यालय में नियुक्ती पत्र दिया जाएगा। वही फर्जी सर्टिफिकेट के मामले मे दर्ज प्राथमिकी के आरोपी 5 शिक्षक को नियुक्ती पत्र नही दिया गया है। नियुक्ती पत्र प्राप्त करने वाले शिक्षक अपने ही विद्यालय में पुनः योगदान करेंगे। नियुक्ती पत्र बीपीएम मो आरिफ जमाल, लेखापाल पंकज कुमार, बीआरपी राजेश कुमार आदि ने शिक्षक – शिक्षिकाओं को नियुक्ति पत्र दिया।

### एसडीओ ने किया पीएचसी का निरीक्षण



समस्तीपुर। जिले के कल्याणपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का बुधवार को एसडीओ दिलीप कुमार ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से एक डॉक्टर अनुपस्थित पाए गये। इस पर उन्होंने रिपोर्ट प्रस्तुत करने की बात कही। वहीं उन्होंने दवा भंडार एवं प्रसव कक्ष आदि का निरीक्षण किया और अस्पताल की साफ सफाई नियमित करने का निर्देश दिया। मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बी के ठाकुर एवं स्वास्थ्य प्रबंधक अनिल कुमार, राहुल कुमार आदि कर्मी मौजूद थे।

# नवादा साइबर थाना ने सर्जिकल स्ट्राइक चलाकर पांच साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार

**धनी फाइनांस तथा इंडियाबुल्स के नाम पर सस्ते लोन का ऑफर देकर भोले–भाले लोगों से करते थे ठगी**

लोकतंत्र की आवाज



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** साइबर डीएसपी के नेतृत्व में गठित टीम ने चलाया छापेमारी अभियान ठगी के लिए इस्तेमाल किये जाने वाले उपकरण, 9 मोबाइल,एक लैपटॉप,2 प्रिंटर मशीन,विभिन्न बैंक के 16 पासबुक,2 पैनकार्ड,एक कीबोर्ड,एक माउस तथा 2 फिंगर स्कैनर किया बरामद नवादा जिले को साइबर अपराधियों से मुक्ति दिलाने के लिए नवादा पुलिस लगातार बड़ी कार्रवाई करने में जुटी है।एसपी अभिनव धीमन के दिशा निर्देश पर नवादा साइबर डीएसपी के नेतृत्व में गठित टीम ने चलाया छापेमारी अभियान में नवादा साइबर थाना की पुलिस ने मंगलवार को सर्जिकल स्ट्राइक चलाकर पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। इसको लेकर एसपी अभिनव धीमन ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि एसआईटी गठित कर प्रतिबिब पोर्टल व साइबर क्राईम कर रहे नंबरों के तकनीकी साक्ष्य के आधार पर जिले के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के लीला बिगहा और मसुदा गांव में छापेमारी की गई है, जिसमें 5 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त धनी फाइनांस तथा इंडियाबुल्स के नाम पर सस्ते लोन का ऑफर देकर भोले–भाले लोगों से ठगी करते थे। जिसकी सूचना मिलने के बाद उक्त कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि अब तक जितने भी साइबर अपराधी गिरफ्तार हुए हैं, उन सभी को हिदायत भी दिया जाता रहा है, बावजूद नहीं सुधरने वाले अभियुक्तों पर विशेष कार्यवाई की जायगी। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधियों के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान चलाया जाता रहेगा। गौरतलब हो कि इतनी संख्या में एक साथ साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी होने से साइबर अपराधियों में हड़कम्प मच गया है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार साइबर अपराधियों के पास से 9 मोबाइल, एक लैपटॉप, 2 प्रिंटर मशीन, विभिन्न बैंक के 16 पासबुक, 2 पैनकार्ड, एक कीबोर्ड, एक माउस तथा 2 फिंगर स्कैनर बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार साइबर अपराधियों में वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के लीला बिगहा गांव निवासी मनोज यादव का पुत्र मुकेश कुमार,मुकेश प्रसाद शर्मा का पुत्र सागर कुमार तथा वालेश्वर यादव का पुत्र नीतीश कुमार के अलावा मसुदा ग्रामीण राजकुमार यादव का पुत्र अकलेश कुमार व रामावतार यादव का पुत्र पंकज कुमार शामिल है।

## आदर्श कन्या मध्य विद्यालय बच्चे को शैक्षणिक परिभ्रमण पर प्रभारी प्राचार्य ने रवाना किया




लोकतंत्र की आवाज़

**गया।** आदर्श कन्या मध्य विद्यालय कोंच डीह गया के छात्र–छात्राओं को मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के तहत शैक्षणिक परिभ्रमण नालंदा विश्वविद्यालय, राजगीर, गहलौर घाटी एवं बोधगया का हरि झंडी दिखाकर प्रभारी प्रधानाध्यापक श्रवण शाण्डिल्य???, कोंच पंचायत के मुखिया एवं सरपंच अजय कुमार ने 50 छात्र छात्राओं को विदा किया है।

## अवैध खनन का बालू लदा ट्रैक्टर जब्त , चालक गिरफ्तार



लोक तंत्र की आवाज

**काशीचक(नवादा)।** शाहपुर थाना भवन के सामने स्थित सड़क पर से अवैध खनन का बालू लादे गुजर रहे एक ट्रैक्टर को पुलिस ने जब्त कर लिया ।मौके से चालक को भी गिरफ्तार किया गया। चालक की पहचान पटना जिला अन्तर्गत घोसवरी थानाक्षेत्र के मालपुर गाँव निवासी पालू चौहान के पुत्र सूरज कुमार है । थानाध्यक्ष धीरज कुमार सिंह ने बताया कि चालक के विरूध मामला दर्ज कर पुलिस अभिरक्षा में न्यायिक उप्स्थापन हेतु भेजा गया है । जब्त ट्रैक्टर को थाना परिसर में खड़ा किया गया है।

## केन्द्रीय खेल मंत्री एवं उप मुख्यमंत्री ने विष्णु पद मंदिर में पूजा अर्चना किए, खेल में भारत सवीच्च स्थान पर आएगीः मनसुख मांडविया

लोकतंत्र की आवाज़



**गया।** गया जी से राजगीर के अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में वीमेंस एशिया हॉकी फाइनल से पहले केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी गया पहुंचे है, यहां उन्होंने शहर के प्रसिद्ध विष्णुपद मंदिर में माथा टेका है तुलसी पुजन कर भारत के विजयी होने की प्रार्थना की है ।इसके बाद दोनों ने फल्गु नदी पर बने रबर डैम का भी निरीक्षण किया गया हैं ?केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि खेलों में हार–जीत से ज्यादा खेल भावना बहुत ही अहम है।स्पोर्ट्स में कोई हारता नहीं है ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजना है कि जब भारत 2047 में अपनी आजादी के शताब्दी वर्ष का जश्न मना रहा होगा, तब देश खेल जगत में दुनिया के टॉप–5 देशों में शामिल हो, इसके लिए खेलो इंडिया प्रोजेक्ट के तहत जमीनी स्तर पर खिलाड़ियों को पहचान कर उन्हें विश्वस्तरीय कोचिंग दी जा रही है, दुनिया में कई बेहतर कोच है, हमलोगों का प्रयास है कि उन्हें भारत लाकर खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण दिलाया जाए जिससे वे विदेश में जाकर बेहतर प्रदर्शन कर सकें। उनके साथ में डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने बोधगया के विकास को लेकर बड़ा ऐलान भी किया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने विष्णुपद मंदिर कॉरिडोर परियोजना का काम शुरू कर दिया है,टेंडर निकाल दिए गए हैं और डीपीआर तैयार कर केंद्र को भेजी जाएगी. यह परियोजना प्रधानमंत्री की प्राथमिकता में है और इसे काशी कॉरिडोर की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। डिप्टी सीएम ने कहा कि बुधवार को 1.14 लाख शिक्षकों को नियुक्ति–पत्र दिए गए हूं। आगे बताया कि राज्य के कुछ जिले में आचार संहिता लागू होने के कारण करीब 25 हजार शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया रुकी हुई है।जिसमे गया भी शामिल है। जिसे जल्द पूरा किया जाएगा। उन्होंने यह भी तंज किया कि अब कोई यह नहीं कहेगा कि क्वालिटी नहीं है।अब हमारे पास क्वालिटी के साथ क्वांटिटी भी है। गया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटू, अजय कुशवाहा, डॉ मनीष पंकज मिश्रा,सुनिल बंम्बयीया और अनंत धीश अमन ने भव्य स्वागत किया है।

# नियोजित शिक्षक जहां हैं वहीं रहेंगे, नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में सीएम नीतीश का बड़ा एलान

लोकतंत्र की आबाज



**समस्तीपुर ।** राजधानी पटना के अधिवेशन भवन में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बड़ा एलान किया है। नियोजित शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि नियोजित शिक्षक जहां हैं वहीं रहेंगे। सीएम के इस एलान के बाद स्पष्ट हो गया है कि नियोजित शिक्षक से विशिष्ट शिक्षक बनने के बाद उनका दूसरी जगह पदस्थापन नहीं होगा। दरअसल, सक्षमता परीक्षा पास करने के बाद राज्यभर में कुल 1 लाख 14 हजार 138 शिक्षकों सरकार ने राज्यकर्मी का दर्जा दे दिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के अधिवेशन भवन में बुधवार को 200 नियोजित शिक्षकों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया। जबकि अन्य शिक्षकों को उनके आपने जिले और प्रखंड में ही नियुक्ति पत्र सौंपा जा रहा है। नियुक्त पत्र पाने वाले नियोजित शिक्षक अब विशिष्ट शिक्षक कहलाएंगे और बीपीएससी शिक्षकों की तर्ज पर ही उन्हें सभी तरह के लाभ मिल सकेंगे।नियुक्ति पत्र मिलने के साथ ही ये शिक्षक अब राज्यकर्मी हो गये हैं। नियुक्ति पत्र सौंपने के साथ ही सीएम नीतीश कुमार ने यह बड़ा एलान भी कर दिया कि जो नियोजित शिक्षक जहां हैं वहीं रहेंगे। नियोजित शिक्षक से विशिष्ट शिक्षक बने टीचर्स इस बात को लेकर परेशान थे कि राज्यकर्मी बनने के बाद अब उनकी ट्रांसफर / पोस्टिंग होगी हालांकि मुख्यमंत्री ने उनके संशय को दूर कर दिया है। मुख्यमंत्री के इस एलान के बाद शिक्षकों को बड़ी राहत मिली है। बतादें कि प्रखंड संसाधन केंद्र मसीना में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार चंद्रा और प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी लक्ष्मी कुमारी ने संयुक्त रूप से 336 सक्षमता पास शिक्षकों औपबंधित नियुक्ति पत्र सौंपा। नियुक्ति पत्र पाने वालों में लाल बाबू, शैलेन्द्र कुमार झा, सीमा कुमारी, गिरीशचंद्र यादव, अरविंद कुमार, नवीन कुमार, निरंजन कुमार महतो, कुमार सानू, अमिता कुमारी, मो मुस्लिम, रंजीत कुमार सहनी, परमानंद सहनी, रामप्रवेश राय, विजय कुमार पासवान के अलावा बीआरपी विष्णु देव प्रसाद सिंह, शत्रुघन शर्मा, बीपीएम शौकत इमाम ,किशोर कुमार, मिथिलेश कुमार, विकास सिंह, सौरभ कुमार, शिव कुमार, ललित कुमार सिंह, ओम प्रकाश, सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में सफलता के लिए बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए

लोकतंत्र की आवाज़



**गया।**14 दिसंबर,24,को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए आज बुधवार को 20.24, को बिजली मामले के निष्पादन हेतु स्पेशल विधुत न्यायालय, गया में प्रभारी विधुत न्यायालय सह अपर जिला सत्र न्यायाधीश 12 विजय किशोर सिंह की अध्यक्षता एवम सचिव अरविंद कुमार दास के दिशानिर्देश में विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक हुई है। इस बैठक में प्रभारी न्यायाधीश ने उपस्थित बिजली विभाग के अधिकारियों सें बिजली विभाग के न्यायालय में लंबित मामलों में कम्पाउन्डीग फी जमा लेने एवं दिनांक 2 दिसंबर से 12 दिसंबर के बीच प्रि–सिटिंग माध्यम से अधिक से अधिक वादों का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया है।इस बैठक में उपस्थित विद्युत विभाग के अधिकारियों ने आश्वासन देते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण में सहयोग प्रदान करेंगे एवं शासन द्वारा दी जाने वाली छूट का व्यापक प्रचार प्रसार करेंगे। इसके साथ ही सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने आमजनों से अपील की है। विजली कोर्ट में लम्बित मामलों का कम्पाउन्डींग फी 2 दिसंबर से 12 दिसंबर तक जमाकर इस राष्ट्रीय लोक अदालत का फायदा उठाएं।इस मौके पर बिजली विभाग के अधिकारी सोहेल अहमद,अनिल कुमार भारती, राजेश कुमार, सैयद अली इमाम, अभय कुमार सिंह, समरजीत कुमार, विनोद कुमार चौधरी, निशांत कुमार, अजीत कुमार, रविशंकर सिंह, राघवेंद्र कुमार, चंदन कुमार, एवम अन्य विद्युत विभाग के पदाधिकारीगण , विद्युत न्यायालय के कर्मचारी आशीष कुमार , प्रभात कुमार,अमित राज , अजय कुमार उपस्थित थे।

## नरहट में नामांकन के दूसरे दिन 28 अभ्यर्थियों ने किया नामांकन

लोक तंत्र की आवाज



**नरहट(नवादा )।** प्रखंड मुख्यालय में नामांकन के दूसरे दिन बुधवार को कड़ी सुरक्षा के बीच पैक्स अध्यक्ष पद के लिए 10 अभ्यार्थियों ने अपना नामांकन करवाया, वहीं कार्यकारिणी सदस्य पद के लिये 18 उम्मीदवारों ने नामजदगी का परचा दाखिल किया। बीडीओ सह प्रखंड निर्वाचित पदाधिकारी बैजू कुमार मिश्रा ने बताया कि नामांकन के दूसरा दिन कुल 10 प्रत्याशियों ने पैक्स अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन करवाया है। जबकि सदस्य पद के लिए 18 नामांकन दाखिल किया गया। उन्होंने बताया कि पुनौल पंचायत के ओंकार सिंह,रौशन कुमार,शेखपुरा पंचायत से प्रत्युश कुमार समेत अन्य उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इस बिच प्रखंड कार्यालय के आस पास गहमागहमी रही। नामांकन करके निकले उम्मीदवारों को उनके समर्थकों ने फूल– मालाओं से लाद दिया। इस दौरान जिंदाबाद के खूब लगे नारे।

## मोतिहारीःऐतिहासिक होगी जनता दल यूनाइटेड का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन

लोकतंत्र की आवाज



**पूर्वी चम्पारण।** सर्किट हाउस मोतिहारी में पूर्वी चम्पारण जिला जद(यू )की एक तैयारी जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई,इस बैठक में बिहार प्रदेश जदयू के निर्देशानुसार आगामी 07 दिसंबर 2024 को मोतिहारी में होने वाले जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन की सफलता हेतु विचार विमर्श किया गया, बुधवार को इस बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश से नियुक्त कार्यक्रम प्रभारी सह राज्य खाद्य आयोग के पूर्व अध्यक्ष विद्यानंद विकल,तिरहुत प्रमंडल प्रभारी राणा रंधीर सिंह चौहान, पूर्व विधायक मोहम्मद जमाल ख़ान, पूर्व मंत्री श्याम बिहारी प्रसाद, विरेन्द्र सिंह कुशवाहा, पूर्व विधायक रजिया खातून, मीना द्विवेदी, शिवजी राय, पूर्व विधानपार्षद सतीश कुमार, जदयू के वरिष्ठ नेता प्रो.दिनेश चन्द्र प्रसाद, भुवन पटेल, रतन सिंह पटेल, दीपक पटेल अधिवक्ता, राजकिशोर ठाकुर, साकेत सिंह, जिला जदयू के प्रवक्ता जन्मेजय कुमार पटेल सरपंच, वरिष्ठ जदयू नेता मिथिलेश सिंह,अमरेन्द्र सिंह, ब्रजेश श्रीवास्तव, ब्यास प्रसाद सिंह, विनय कुमार सिंह, विशाल शाह, संजय सिंह, विनय कुमार कुशवाहा,कैप्टन अब्दुल हमीद, कुणाल पटेल, कृष्ण कांत मिश्र, सुनील भूषण ठाकुर, हाजी मोहम्मद अकिलुर्रहमान, गणेश सिंह, असदुल्ला उर्फ बाबू साहब,मदन पटेल, संजीव पटेल, शिवरानी देवी,दयाशंकर सिंह, रामेश्वर सहनी, राजेश कुमार बैठा,प्रो.अरूण पटेल, राकेश सिंह, सुधा चौधरी, संतोष कुमार भास्कर, प्रताप पटेल, बिनोद कुमार यादव मुखिया,कुणाल सिंह पटेल, रविन्द्र सिंह पटेल, मोहम्मद एहतेशाम, जितेन्द्र चौधरी, संजय मोदी, बृजमोहन गुप्ता, डॉ राजेश पटेल, प्रिंस यादव, प्रकाश चौधरी,शाहजाद आलम, जितेन्द्र कुमार सिंह, अरविंद तिवारी, प्रमोद पासवान, अमिरूल होदा, गौरीशंकर कनौजिया,सरफराज आलम, धीरज चन्द्रवंशी, रमेश भाई पटेल,ज्याउल्ल हक,सहित जदयू के सभी प्रखंड अध्यक्ष एवं प्रखंड प्रभारीगण उपस्थित थे,

## संक्षिप्त खबरें ।

### पैक्स चुनाव: अध्यक्ष पद पर छह लोगों ने भरे पर्चे

लोकतंत्र की आवाज
सिमरी बख्तियारपुर सहरसा संवाददाता। बनमा ईटहरी प्रखंड में पैक्स चुनाव को लेकर दूसरे दिन सोमवार को विभिन्न पदो के लिए कुल 60 उम्मीदवारों ने अपना अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। जिसमें तीन अलग-अलग पंचायत घोड़दौर, महारस तथा सरबेला से दो-दो उम्मीदवारो ने अध्यक्ष पद पर नामांकन दाखिल किया। वहीं 54 उम्मीदवारो ने विभिन्न कोटि के सदस्य पद पर नामांकन दाखिल किया। इस संबंध में निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ गुलशन कुमार झा ने बताया कि घोड़दौर पंचायत में पैक्स अध्यक्ष पद पर दो, महारस पंचायत में अध्यक्ष पद पर दो तथा सरबेला पंचायत में अध्यक्ष पद पर दो उम्मीदवार ने पर्चा भरा। इधर दो पंचायत घोरदौड़ एवं सरबेला पंचायत से निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष फौजिया फरहत एवं बिजेन्द्र यादव ने भी अपना अपना नामांकन दाखिल किया।

### सत्तरकटैया में देसी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज
सत्तर कटैया सहरसा संवाददाता। बिहरा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर विशनपुर गांव में देसी शराब बनाने के ठिकानों पर छापेमारी करते हुये दो कारोबारी को जहां गिरफ्तार किया वहीं देसी शराब बनाने में प्रयुक्त कई उपस्करण को भी जब्त किया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने अर्द्धनिर्मित देसी शराब को जहां विनष्ट किया वहीं कई उपस्करण को भी विनष्ट किया। पुलिस के इस कारवाई के बाद कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। बिहरा थानाध्यक्ष इंसपेक्टर निवास कुमार ने यह जानकारी देते हुये बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि विशनपुर गांव में कुछ लोगों द्वारा व्यापक पैमाने पर देसी शराब का कारोबार किया जा रहा है जिसके बाद पुलिस द्वारा छापेमारी की गई। बिहरा थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर दोनों कारोबारी को न्यायालय भेज दिया गया है।

### समस्तीपुर: स्वच्छता की शपथ प्रखंड विकास पदाधिकारी ने दिलाई

लोकतंत्र की आवाज
समस्तीपुर। कल्याणपुर प्रखंड परिसर में मंगलवार को विश्व शौचालय स्वच्छता दिवस के अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी देवेंद्र कुमार ने परिसर में उपस्थित लोगों को स्वच्छता के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए शपथ दिलवाया। आगे वीडियो ने कहा कि शौचालय घर के आसपास सड़क आदि स्वच्छ रखना जरूरी है इससे बीमारी नहीं होगी सरकार ने भी इसको लेकर घर-घर शौचालय बनवाया इसकी सफाई रखनी आवश्यक है। मौके पर अजय कुमार बबलू मो रऊफ लाल परी देवी अनीता देवी हिमांशु शेखर बलराम सिंह अनिल राय सनोज राय बृजराज सिंह कंचन कुमारी राकेश कुमार साह सहित दर्जनो लोगों ने शपथ लिया।

### समस्तीपुर में युवती की आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर डाला

लोकतंत्र की आवाज
समस्तीपुर। जिले के मथुरापुर थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। एक युवती की आपत्तिजनक तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल कर दी गईं, जिससे परिवार की सामाजिक प्रतिष्ठा को गहरा आघात पहुंचा है। पीड़िता की विधवा मां ने न्याय की गुहार लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। घटना के अनुसार, पीड़ति का कुछ दिन पहले एक अन्य युवती के साथ विवाद हुआ था। इस विवाद का बदला लेने के लिए, उस युवती ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पीड़ति की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं। पीड़िता की मां ने आरोप लगाया है कि तस्वीरों को जानबूझकर रिश्तेदारों को भी भेजा गया, जिससे उनकी बेटी की छवि खराब हो सके।मथुरापुर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने जानकारी दी कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जांच की जिम्मेदारी दारोगा सुप्रिया को सौंपी गई है, जो मामले की बारीकी से पड़ताल कर रही हैं। इस घटना ने न केवल पीड़िता और उसके परिवार को आघात पहुंचाया है, बल्कि समाज में सोशल मीडिया के दुरुपयोग के खतरों को भी उजागर किया है।

# पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन-7: इंडो-नेपाल मैत्री क्रिकेट कप के फाइनल में विद्या विहार आवासीय विद्यालय

## जमकर खेलिए, खेल से ही आपस में भाईचारे और अच्छे संबंधों को मिलेगा बढ़ावा : संजीव मिश्रा

लोक तंत्र की आवाज




पूर्णिया। पनोरमा ग्रुप द्वारा आयोजित पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन-7 के इंडो-नेपाल मैत्री क्रिकेट कप में विद्या विहार आवासीय विद्यालय ने विराट नगर नेपाल को 2 विकेट से हराकर फाइनल मुकाबले में प्रवेश किया। इस रोमांचक मुकाबले में दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन अंततः विद्या विहार आवासीय विद्यालय ने जीत हासिल की।

पनोरमा स्पोर्ट्स के चेयरमैन और अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने प्रतियोगिता में भाग ले रही सभी टीमों और खिलाड़ियों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं दी और कहा, ₹जमकर खेलिए, खेल से ही आपस में भाईचारे और अच्छे संबंधों को बढ़ावा मिलेगा। पूर्णिया के जिला स्कूल खेल मैदान में इस आयोजन की शुरुआत हुई, जहां विभिन्न विद्यालयों और क्लबों ने भाग लिया। श्री मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा, ₹नेपाल से हमारे पारिवारिक रिश्ते हैं। इसे हमें आगे बढ़ाना है और इसे मजबूत बनाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।

आयोजन समिति के सदस्य हरिओम झा ने जानकारी दी कि बालक वर्ग में कुल 6 टीमें प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं, जिन्हें दो ग्रुपों में बांटा गया है। दोनों ग्रुप से सर्वश्रेष्ठ टीमों को फाइनल मुकाबले के लिए चुना जाएगा। 22 नवंबर 2024 को पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन-7 के समापन समारोह में सभी खेलों के विजेताओं को सर्टिफिकेट, मैडल, ट्रॉफी, और नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। अंपायर के रूप में बिहार स्टेट पेनल ग्रेड ₹ए₹ अंपायर मनोज कुमार (मुजफ्फरपुर), विकाश कुमार (सुपौल), और विमल मुकेश (पूर्णिया) ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन-7 का यह आयोजन पूरी तरह से लाइव टेलीकास्ट किया जा रहा है, जो पनोरमा स्टार यूट्यूब चैनल और पनोरमा ग्रुप फेसबुक पेज पर देखा जा सकता है। साथ ही, 22 नवंबर को पुरस्कार वितरण समारोह का भी लाइव टेलीकास्ट किया जाएगा।

इस आयोजन में सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया, जिनमें हरिओम झा, नयर अली, मंजर मोहसिन, एस एस प्रसाद उर्फ पिंटू, काजल पोद्दार, अमृत साजन, पंकज कुमार, मो मासूम, विकाश कुमार, और लाइव टेलीकास्ट टीम के सदस्य कुंदन कुमार, पियूष कुमार, मोहित कुमार, रोबिन कुमार, और लाइव कमेंट्री टीम के सदस्य मो जाहिद, काजल (सुपौल), हरीश कुमार प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### कार्यक्रम विवरण 22/11/2024 का

अपराह्न 2 :00 बजे : खिलाड़ियों का आगमन
अपराह्न 2 :30 बजे : विभिन्न अतिथियों का आगमन
अपराह्न 3 :00 बजे : माननीय अतिथि का स्वागत
अपराह्न 3 :05 बजे : राष्ट्रीय गान
अपराह्न 3 :10 बजे : अतिथि का संबोधन
अपराह्न 3 :25 बजे : पुरस्कार वितरण
अपराह्न 4 :00 बजे : कूपन के साथ डिनर पार्टी
समापन : राष्ट्रीय गान के साथ

बुधवार को खेले गए मुकाबले के परिणाम
1. मधुबनी मास्टर्स स्पोर्ट्स अकेडमी ने हरिओम स्पोर्ट्स को 30 रनों से हराया।
2. वीवीआईटी पूर्णिया ने नेपाल को 2 विकेट से हराया।
3. मधुबनी मास्टर्स स्पोर्ट्स अकेडमी ने डीएवी पब्लिक स्कूल पूर्णिया को हराया।

## सहरसा हवाई अड्डा सहित कई अन्य मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से मिलेगे : प्रवीण आनंद

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता। कोशी विकास संघर्ष मोर्चा का एक शिष्टमंडल सहरसा के विकास के लिए मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी मांगों को रखेंगे। पूर्णिया दरभंगा के साथ साथ सहरसा हवाई अड्डा का सौंदर्याकरण कराया जाना था जहां सहरसा पिछड़ गया ।

हवाई अड्डे के साथ सहरसा में जाम की समस्या से बचने के लिए सहरसा का दोनों बस स्टैंड शहर से बाहर हो, रेल रैक प्वाइंट को शहर के बीचोबीच से हटाया जाए, राउ और ाउक गौदाम को शहर से बाहर किया जाए, धर्म कांटा को शहर के मुख्य पथ से अलग किया जाए, मांस मछली के दुकान को स्कूल कॉलेज के आस पास से हटाया जाए, गौशाला में गाय को ही रखा जाए, मत्स्यगंधा झील में एक पुल का निर्माण कराया जाए, दिवारी का टीवी टॉवर की क्षमता को बढ़ाया जाए, कोशी विकास प्राधिकार का पुनः गठन हो आदि ज्वलंत मुद्दों से अवगत कराया जाएगा ।

कोशी विकास संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष श्री विनोद कुमार झा और संरक्षक प्रवीण आनंद ने कहा कि सुंदर और समृद्ध सहरसा बनाने के लिए सफल प्रयास किया जा रहा है और सरकार से मिलकर इन मांगों को पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री से समय मिलते ही एक संगठन का शिष्टमंडल पटना जाएगी ।

## पद्मश्री कलावती देवी जी की 36वीं पुण्यतिथि पर भव्य शोभा यात्रा एवं श्रद्धांजलि सभा

लोक तंत्र की आवाज

रानीगंज। कलावती स्नातक महाविद्यालय, कलावती नगर, रानीगंज में पद्मश्री कलावती देवी जी की 36वीं पुण्यतिथि के अवसर पर 23 नवंबर 2024 को शनिवार को एक भव्य शोभा यात्रा एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में पूर्णिया विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) पवन कुमार झा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

इस संबंध में 20 नवंबर 2024 को महाविद्यालय के प्राचार्य कक्ष में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दयानंद राउत ने की। बैठक में महाविद्यालय शासी निकाय के सचिव



जगदीश प्रसाद जायसवाल, अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएँ और महाविद्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे।

बैठक के दौरान डॉ. दयानंद राउत ने बताया कि 23 नवंबर को सुबह 09 बजे महाविद्यालय छात्रावास से शोभा यात्रा की शुरुआत की जाएगी, जो मुख्य बाजार के विभिन्न मार्गों से होते हुए कलावती स्नातक महाविद्यालय में समाप्त होगी। यात्रा के पश्चात, 12:30 बजे से पुण्यतिथि समारोह और सम्मानोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पद्मश्री कलावती देवी जी को माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन करके श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

इस समारोह में सांसद, विधायकगण, जिला पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, अनुमंडलाधिकारी, और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ स्थानीय नागरिक भी शामिल होंगे। महाविद्यालय सचिव जगदीश प्रसाद जायसवाल ने सभी से अपील की कि वे इस महत्वपूर्ण आयोजन में भाग लेकर पद्मश्री कलावती देवी जी को श्रद्धांजलि अर्पित करें।

शोभा यात्रा के संयोजक विनोद मेहता और सहसंयोजक राजीव कुमार ने बैठक को संबोधित करते हुए इस आयोजन की सफलता के लिए सभी से सहयोग की अपील की। यह आयोजन कलावती देवी जी की प्रेरणादायक जीवन यात्रा और उनके समाज के प्रति योगदान को सम्मानित करने का एक ऐतिहासिक अवसर है, और स्थानीय नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस पुण्य अवसर पर समारोह में अवश्य शामिल हों।

## भाजपा जिला कार्यालय में संघटन पर्व की सफलता को लेकर बैठक

- पूर्व विधानसभा प्रत्याशी पंडित अजय कुमार झा, पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष सुराणा रहे मौजूद

लोक तंत्र की आवाज



अररिया। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित संघटन पर्व की सफलता को लेकर एक समीक्षात्मक बैठक आज संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण झा ने की, जबकि प्रभारी के रूप में जिला के महामंत्री कृष्ण कुमार सेनानी और मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री, क्षेत्रीय प्रभारी एवं जिला चुनाव प्रभारी स्वदेश यादव भी उपस्थित थे।

बैठक में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी पंडित अजय कुमार झा, लोकसभा संयोजक अमरनाथ सिंह, निवर्तमान जिला अध्यक्ष संतोष सुराणा, नगर अध्यक्ष संजय अकेला, दीनदयाल नगर अध्यक्ष सनी सिंह, पटना मंडल अध्यक्ष राजू कुमार साह, जिला उपाध्यक्ष नवीन यादव, अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष गंगा ऋषि देव, और अन्य प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि 25 तारीख से पहले सभी दायित्ववान कार्यकर्ताओं को सक्रिय सदस्य बनाना सुनिश्चित किया जाएगा। इसके साथ ही, 30 नवंबर तक बूथ कमेटी के गठन को लेकर एक-एक बिंदु पर समीक्षा की गई और इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए।

बैठक में कहा गया कि संघटन पर्व के दौरान जो कार्य योजना बनाई गई थी, उसके प्रत्येक बिंदु को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। पार्टी ने सभी कार्यकर्ताओं से अपेक्षाएं व्यक्त की और उनके सक्रिय सहयोग के माध्यम से आगामी चुनावों में सफलता सुनिश्चित करने की बात कही।

## पूर्व विधायक रामबालक सिंह ने आधी उम्र की युवती से रचाई शादी

लोकतंत्र की आवाज

समस्तीपुर। जिले के विभूतिपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक रामबालक सिंह ने अपनी उम्र से आधी युवती से शादी कर नई चर्चा छेड़ दी है। शादी की रस्म बेगूसराय जिले के गढ़पुरा स्थित एक मंदिर में पूरी की गई। उनकी नवविवाहित पत्नी खगड़िया जिले की रहने वाली हैं। मंगलवार सुबह, पूर्व विधायक अपनी पत्नी के साथ विभूतिपुर स्थित घर पहुंचे और मिठाई बांटने के लिए लोगों को आमंत्रित किया।

**पहली पत्नी और राजनीतिक पृष्ठभूमि:** रामबालक सिंह की पहली पत्नी तीन साल पहले निधन हो चुका है। वह मुखिया भी रह चुकी थीं। पूर्व विधायक, जो पहले जदयू के किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं, फिलहाल पार्टी में किसी पद पर नहीं

■ राजनीतिक और सामाजिक चर्चाओं का विषय बने



हैं। उनकी दूसरी शादी को लेकर राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों में कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं।

**आधी उम्र की शादी पर उठे सवाल:** पूर्व विधायक की दूसरी शादी ने लोगों के बीच चर्चाओं का माहौल बना दिया है। कुछ लोग इस पर सवाल उठा रहे हैं कि उन्होंने अपनी आधी उम्र की युवती से शादी क्यों की, जबकि कुछ लोग इसे आगामी विधानसभा चुनाव से जोड़कर देख रहे हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि वे अपनी नई पत्नी को चुनाव में उम्मीदवार बनाने की योजना बना सकते हैं।

**आपराधिक मामलों की पृष्ठभूमि:** पूर्व विधायक रामबालक सिंह पर हत्या के प्रयास के मामले में सजा हो चुकी है। इसके अलावा, उन पर डबल मर्डर समेत अन्य आपराधिक मामलों की सुनवाई भी चल रही है।समाज में चर्चा का विषय पूर्व विधायक की इस शादी को लेकर स्थानीय स्तर पर मिश्रित प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। जहां कुछ लोग इसे उनकी व्यक्तिगत जिंदगी का निर्णय मान रहे हैं, वहीं कई इसे राजनीतिक रणनीति के रूप में देख रहे हैं।यह शादी न केवल उनकी व्यक्तिगत जिंदगी का एक नया अध्याय है, बल्कि इसके राजनीतिक और सामाजिक पहलुओं पर भी लगातार चर्चा हो रही है।

## कार्रवाई: सोनवर्षा कचहरी में सड़क किनारे अतिक्रमण को हटाया गया

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता। सोनवर्षा कचहरी में रेलवे की जमीन से सोमवार को अतिक्रमण हटाया गया। जिसमें रेलवे की जमीन पर सात हजार स्क्वायर फीट में बने 171 दुकानों और झोपड़ियों पर जेसीबी चलाकर ध्वस्त किया गया। यहां बिना लाइसेंस लिए अवैध वसूली के जरिए दुकानों का संचालन किया जाता था। अतिक्रमण हटने के बाद सड़कें चौड़ी हुई है। चौड़ा होने से सड़क पर आवागमन में होने वाली दिक्कत से राहत मिली है। समस्तीपुर मंडल के डीआरएम विनय श्रीवास्तव के निर्देश पर चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान से सड़कें चौड़ी होने से आम लोगों में खुशी है।



लोगों का कहना है कि अतिक्रमण हटने से सिकुड़ी सड़क के चौड़ा होने से आवागमन सुलभ होगा। सोमवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान की कमान रेल एईएन मिलिंद शुक्ला, आईओडब्ल्यू विनय कुमार, स्नेह रंजन, सीनियर सेक्शन इंजीनियर रेलपथ सुनील कुमार, सोनवर्षा कचहरी थाना की पदाधिकारी रेशमी कुमारी, सीआई कहरा शशिभूषण सिंह, आरपीएफ इंस्पेक्टर वंदना कुमारी, आरपीएफ इंटेलिजेंस के बी. के. प्रसाद संभाले थे। उनके साथ भारी संख्या में जिला पुलिस, आरपीएफ, जीआरपी के पदाधिकारी व जवान थे। अधिकारियों ने बताया कि अतिक्रमण हटाने से पहले खुद से हटा लेने के लिए सभी को मोहलत दी गई थी। लेकिन जब नहीं हटाया तो अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया गया।

## सहरसा के नया बाजार में सुने पड़े घर से लाखों की चोरी

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता। ठंढ का मौसम शुरू होते ही शहर में चोरों का आतंक बढने लगा है। खासकर चोर गिरोह सुनसान घरों को निशाना बना रहे हैं। शहर में बढ रही चोरी की घटना को लेकर जहां लोगों में डर का माहौल बना हुआ है। वहीं पुलिस की गश्ती व्यवस्था को लेकर भी लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। रविवार की देर रात चोरों ने नया बाजार वार्ड 13 स्थित सरकारी कर्मी के घर को निशाना बनाया। चोरों ने कई गोदरेज, ट्रंक आदि तोड़ कर लाखों के सामानों की चोरी किया।



पीड़ित सरकारी कर्मी राजन रंजन परिवार सहित बीते 12 नवंबर से पटना में थे। जिस दौरान चोरों ने सुनसान घर देखा और रविवार को मौका पाकर घर को निशाना बनाते हुए चोरी की घटना को अंजाम दिया। जिस जगह चोरी की घटना हुई वहां संभ्रांत इलाका माना जाता है। वहां आसपास बड़ी संख्या में चिकित्सकों का क्लिनिक और आवास भी है। साथ ही मुख्य चौक समीप मद्य निषेध विभाग का थाना और कार्यालय भी अवस्थित है। चोरी की घटना सुबह पता चला। जिसके बाद पटना स्थित परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। चोरी हुए सामानों का आकलन पीड़ति गृहस्वामी का आने के बाद ही पता चलेगा।

**चाहरदीवारी कूद कर आया चोर:** चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला नहीं तोड़ा था। इस वजह से सरकारी कर्मी के घर में चाहरदीवारी से कूद कर चोरों के आने और घर में चोरी की घटना को अंजाम देने की संभावना लग रही है। चोर द्वारा घर में घुसकर चार गोदरेज का आलमीरा तोड़ा। साथ ही दो ट्रंक भी तोड़ा। गोदरेज और ट्रंक का सारा सामान इधर-उधर फेंका हुआ था।

गोदरेज और ट्रंक की स्थिति देख कर लोगों ने अंदाज़ा लगाया की चोर जेवरात, रूपया आदि चोरी करने की नियत से घुसा था। हालांकि किचन में गैस सिलेंडर, एलईडी, टीवी सहित अन्य सामानों को हाथ नहीं लगाया गया। मामले की जानकारी सदर थाना पुलिस को दी गई है। पीड़ति गृहस्वामी के द्वारा सदर थाना में आवेदन दिया गया है। जिसमें उन्होंने 15 हजारनगदी सहित जेवरात चोरी किएजाने का उल्लेख किया है। इधर पीड़ति कर्मी के द्वारा मिले आवेदन के आलोक में सोमवार देर शाम पुलिस पदाधिकारी पीड़ति के घर पहुंचकर चोरी मामले की जानकारी लिए।

## संक्षिप्त खबरें ।

### इटखोरी की बेटी श्रेया प्रिया झारखंड अंडर 15 क्रिकेट टीम में चयनित



लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखन्ड
इटखोरी( चतरा)। प्रखंड के धनखेरी पंचायत अंतर्गत परोका कला निवासी प्रकाश राणाकी पुत्री श्रेया प्रिया का चयन झारखंड अंडर 15 क्रिकेट टीम में ऑलराउंडर के लिए चयन हुई हैं।श्रेया प्रिया का चयन से उनके परिवार समेत पूरे प्रखंड के लिए गर्व की बात है।श्रेया प्रिया का चयन से उनके माता पिता का कहना है कि मेरी बेटी शुरू से ही क्रिकेट खेलने में रुचि रखती थी।इसी का का नतीजा है की इसका चयन झारखंड अंडर 15 क्रिकेट टीम में ऑल राउंडर के रूप में हुआ । चयनित के बाद श्रेया प्रिया का कहना है कि मैं इंडिया टीम में चयनित होकर देश का नाम रोशन करूंगी यही हमारी आखिरी तमन्ना है। श्रेया प्रिया का इस तरक्की के लिए बड़े पापा सुनील राणा दीपक राणा उत्तम राणा अनिल राणा रामप्रसाद राणा दिलीप राणा समेत कई लोगों ने शुभकामनाएं दी है।

### पीएम श्री मध्य विद्यालय में मनाया गया जनजातीय गौरव दिवस



लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
गिद्धौर। प्रखंड मुख्यालय स्थित पीएम श्री मध्य विद्यालय में बुधवार को जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया।छात्र छात्राओं ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुश अर्पित कर याद किया। इस दौरान भगवान बिरसा मुंडा के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा की बिरसा मुंडा एक महान क्रांतिकारी जननायक के रूप में याद किए जाते हैं।भगवान बिरसा मुंडा जल,जंगल,जमीन की रक्षा के लिए संघर्ष किया।उन्होंने भारत मां की रक्षा के लिए अपनी जीवटता और वीरता से अनेक उल्लेखनीय कार्य किए हैं। जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया।मौके पर विद्यालय प्रधानाध्यापक सिद्धेश्वर पांडे समेत अन्य मौजूद थे।

### मामा ने की भांजे की हत्या : गांव से ही बरामद हुआ शव



लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
पलामू। जिला में बिश्रामपुर थाना क्षेत्र के घासीदाग में एक मामा ने अपने भांजे की हत्या कर दी. चार दिन के बाद गांव में केला के पेड़ के नीचे से शव बरामद हुआ है. इस घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस पूरे मामले में अनुसंधान कर रही है और आरोपी मामा की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है. मंगलवार को बिश्रामपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है. 10 वर्षीय अंजय कुमार सिंह अपनी मां सुगिया देवी के साथ घासीदाग स्थित अपने ननिहाल में ही रहा करता था. ननिहाल में रहने के कारण उसके मामा लाला सिंह विरोध किया करते थे. कुछ दिनों पहले सुगिया देवी को उसके पिता ने जमीन देने की बात कही थी. इस बात की जानकारी लाला सिंह को हो गई थी जिसके बाद वह लगातार अपने भगिना अंजय कुमार सिंह की हत्या करने की धमकी दे रहा था. गुरुवार 14 नवंबर को इसी बात को लेकर लाला सिंह की अपनी बहन और भांजे के साथ बहस हुई थी. 14 नवंबर की शाम से ही 10 वर्षीय अंजय कुमार सिंह लापता हो गया था. मंगलवार को ग्रामीण गांव में मौजूद केला के पेड़ के पास गए तो उन्हें दुर्गंध आई. ग्रामीणों ने नजदीक जाकर देखा तो बोरा के अंदर से अंजय कुमार सिंह का शव बरामद हुआ. ग्रामीणों ने तत्काल इसकी जानकारी बिश्रामपुर थाना को दी. इस घटना को लेकर बिश्रामपुर थाना प्रभारी सौरव कुमार ने बताया कि 10 वर्षीय बच्चे की हत्या का आरोप मामा लाला सिंह पर लगा है, संपत्ति के विवाद में मामा ने उसकी हत्या की है. पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है. बच्चे के शव को फॉरेंसिक जांच के लिए रांची के रिम्स भेजा गया है.

# नियमानुसार व गुणवत्तापूर्ण होगा सोलर लाइट का अधिष्ठापन: ईओ

**गुणवत्ता की निगरनी हेतु अपर समाहर्ता, चतरा की अध्यक्षता में उपायुक्त ने गठित की त्रिस्तरीय टीम**



लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**चतरा।** कुछ अखबारों और सोशल मीडिया में भ्रामक खबरों के बीच जिला खनीज फाउण्डेशन ट्रस्ट मद से चतरा नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत नगर परिषद के माध्यम से अधिष्ठापित किए जानेवाले सोलर लाइट के कार्य का अपर समाहर्ता चतरा की अध्यक्षता वाली त्रिस्तरीय कमिटी विभिन्न जगहों का सोलर लाइट की गुणवत्ता का जांच किया। जांच में अखबारों के माध्यम से प्रकाशित किए गए 30 वाट की जगह पर लगाए जा रहे 12 वाट की एलईडी इस खबर के जांच में टीम द्वारा स्काई लिफ्टर गाड़ी के माध्यम से नगर परिषद क्षेत्र में लगाए गए विभिन्न सोलर लाइट का एलईडी का जांच किया गया जिसमें सभी जगह पर 30 वाट के एलईडी लाइट पाए गए। साथ ही लाइट के बैटरी 60 एच सोलर प्लेट 160 डब्लूपी एवं पॉल का हाईट 7 मीटर और बाकी गुणवत्ता भी प्राक्कलन के अनुसार पाया गया।

ज्ञात हो कि शहर में अधिष्ठापित किए जानेवाले सोलर लाइट की गुणवत्ता की लगातार निगरानी के लिए उपायुक्त श्री रमेश घोलप के निर्देश पर अपर समाहर्ता चतरा अरविन्द कुमार की अध्यक्षता में विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी की सदस्यता में त्रिस्तरीय कमिटी का गठन किया गया है। जिनको अधिष्ठापन कार्य के दौरान औचक निरीक्षण कर गुणवत्ता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है। कुछ अखबारों के माध्यम से जडेजा एवं बाजार दर से अधिक मूल्य का लाइट का क्रय करने से संबंधित का आरोप लगाते हुए प्रकाशित खबरों के संदर्भ में कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि झारखंड रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी (ज्रेडा) के सोलर लाइट एवं नगर परिषद द्वारा लगाए जा रहे सोलर लाइट के विशेषताओं में काफी अंतर है। जिसमें पॉल की गुणवत्ता लम्बाई/सोलर लाइट की गुणवत्ता एवं क्षमता/सोलर प्लेट की गुणवत्ता एवं क्षमता में बेहतर है साथ ही संवेदक के द्वारा पांच साल का रख रखाव भी संवेदक के द्वारा ही किया जाना है। जिसके लिए एकरारनामा की 10प्रतिशत राशि की कटौती कर सुरक्षित रखी जानी है। इसलिए अधिक दर पर क्रय करने की खबरों को नगर परिषद द्वारा खंडन करते हुए शहर के विकास हेतु किए जा रहे कार्यों में सहायोग करने की अपील नगर परिषद द्वारा की गई।

**संवेदक को स्पष्टीकरण के साथ गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का निर्देश -**

- आधारहीन और भ्रामक खबरों का नगर परिषद ने किया खंडन

**बिनिता कुमारी:** विगत कुछ दिनों में सोलर लाइट अधिष्ठापन के दौरान कुछ सोलर लाइट खराब होने की खबरें/सूचना पर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी बिनिता कुमारी द्वारा संवेदक/आपूर्तिकर्ता सार्प इन्पोटेक को स्पष्टीकरण किया गया था। जिसपर संवेदक द्वारा अभी अधिष्ठापन के द्वौरान ट्रायल टेस्टिंग में कुछ तकनीकी समस्या आने की बात कहते हुए इसको जल्द से जल्द निराकरन करते हुए गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने की बात कही गई। जिला खनीज फाउण्डेशन ट्रस्ट मद से शहर की सुंदरता एवं सोलर लाइट की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए नियमानुसार सोलर लाइट के कार्य का प्राक्कलन तैयार कर उसके दर का निर्धारण मुख्य अभियंता नगर विकास विभाग एवं आवास विभाग झारखण्ड रांची से तकनीकी स्वीकृति के पश्चात जिला स्तरीय निविदा समिति के माध्यम से जेम पोर्टल पर नियमानुसार निविदा प्रकाशित करते हुए एजेंसी का चयन किया गया है। गुणवत्तापूर्ण कार्य की लगातार निगरानी की जा रही है। भ्रामक एवं अधूरे तथ्यों के अधार पर खबरों को न चलाने की मै अनुरोध करती हुँ।

## विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में विष्णुगढ़ प्रखंड के प्रशासक, पदाधिकारी रहे तत्पर





**लोकतंत्र की आवाज**

**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**
**हजारीबाग (झारखंड)।** माण्डू विधानसभा चुनाव में बिष्णुगढ़ प्रखंड के प्रशासनिक पदाधिकारी सभी अपने कार्यो पर रहे चुस्त दुरुस्त अपने–अपने कार्यों में दिखे तत्पर चुनाव में प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने अपने पूरे टीम के साथ कई बुथों का निरीक्षण कर चुनाव संपन्न कराने में यहम योगदान दिया साथ ही देखा गया कि विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य विभाग पदाधिकारी डॉक्टर एवम सहीया ऑगन बाडी केन्द्र सेविका ने अपने स्वास्थ्य टीमों के साथ सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मतदाताओं की हाल–चाल जाना जिसमें प्रभारी अरुण कुमार सिंह, डॉक्टर अंकित जयपुरियार, डॉक्टर जफर , डॉक्टर होरो बिपीएम पुष्पा श्रिवास्तव एकान्टमैनेजर प्रमोद सिंह एवं ममता वाहन के संचालकों का भी सभी केन्द्रों पर तनमय्यता के साथ लगन देखा गया।

## गिरिडीह जिला में 6 विधानसभा सीटों पर आज शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न

**लोकतंत्र की आवाज**

**विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो चीफ)**
**गिरिडीह ,झारखंड।** झारखंड के द्वितीय चरण मतदान अंतर्गत सभी मतदान केदो पर शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न हो गया अच्छा विधानसभा सीटों में मतदान का प्रतिशत मिला–जुला कर संतोषजनक कहा जा सकता है परंतु सबसे अव्वल रहा 31 गांडेय विधानसभा का मतदान प्रतिशत 73.36% प्रतिशत जो की गिरिडीह समेत सभी विधानसभा सीट से मत प्रतिशत में सर्वोच्च है ध्यान देने की बात यह है कि यहां से झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी कल्पना सोरेन जी है। इसका असर यहां पर दिखाई पड़ता हुआ लग रहा है। मिला जुलाकर विधानसभा चुनाव क्षेत्र में शांतिपूर्ण संपन्न हो गया।



28 धनवार विधानसभा 62 .78%
29 बगोदर विधानसभा 65 .20%
30 जमुआ विधानसभा 60 .87%
31 गांडेय विधानसभा 73 .36%
32 गिरिडीह विधानसभा 67 .45%
33 डुमरी विधानसभा 70 .85%
कुल मतदान प्रतिशत 66 .48%

## हुसैनाबाद पुलिस ने चोरी की बाईक और हथियार के साथ तीन युवकों को किया गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**पलामू।** हुसैनाबाद थाना की पुलिस ने तीन युवकों को अवैध हथियार और चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार युवकों के पास से दो देसी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद किया गया है. युवकों की गिरफ्तारी की पुष्टि हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने की है. थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ युवक इमलियाबांध पुल के पास जमा हैं और हथियार खरीद–बिक्री की बात कर रहे हैं. सूचना मिलते ही इसकी जानकारी वरीय पुलिस पदाधिकारी को देते हुए थाना से सशस्त्र बलों के साथ नियत स्थान के लिए प्रस्थान किया.



पुलिस जैसे ही इमलियाबांध पुल के पास पहुंची तो देखा कि तीन लड़के बाइक खड़ी कर पुल पर बैठे हुए हैं. पुलिस की गाड़ी को देखते ही तीनों युवक भागने लगे, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया. तलाशी के दौरान मनीष कुमार यादव और इन्द्रजीत कुमार के पास से एक–एक देसी कट्टा और एक–एक जिन्दा गोली मिली. साथ ही बाइक की जांच करने पर बाइक चोरी की पायी गई.


पुलिस ने अवैध हथियार के बारे में पूछताछ की तो पता चला कि चंदन कुमार पासवान, मनीष कुमार यादव और इन्द्रजीत कुमार हथियार बेचने आया था. पुलिस ने तीनों युवकों को मौके पर गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार आरोपियों में हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम घुरूआ (मझौली) निवासी चंदन कुमार पासवान, हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कामत (गडेरियाडीह) निवासी मनीष कुमार यादव और हैदरनगर थाना क्षेत्र के ग्राम सरहु खिलपर निवासी इन्द्रजीत कुमार शामिल है.पुलिस ने इस संबंध में हुसैनाबाद थाना कांड संख्या 236/2024 दिनांक 18 नवंबर 2024 धारा 25(1–ं)/25(1–ु)/26/34 आर्म एक्ट व 317(5)/3(5) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है. वहीं छापेमारी टीम में थाना प्रभारी संजय कुमार यादव के अलावा एसआई कालिका राम, सहायक अवर निरीक्षक सुरेश पासवान, हुसैनाबाद थाना के सशस्त्र बल सुरेन्द्र पाल, चालक शामिल थे.

## झारखंड के 38 विधानसभा सीटों पर शांतिपूर्ण मतदान संपन्न

- 38 विधानसभा सीटों पर 67.59% हुआ मतदान

**लोकतंत्र की आवाज़**

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**रांची(झारखंड)।** झारखंड विधानसभा चुनाव के आखिरी और द्वितीय चरण में आज 12 जिलों की 38 सीटों पर वोटिंग शाम पांच बजे खत्म हो गई। झारखंड में शाम पांच बजे तक 67.59 प्रतिशत मतदान हुआ है। अभी एक से दो प्रतिशत मतदान बढ़ सकता है क्योंकि कुछ जगह मतदाता लाइन में लगे हुए हैं। वहीं 14,218 पोलिंग स्टेशन में से 31 बूथों पर शाम 5 बजे मतदान खत्म हो गया। इस चरण में 528 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला ईवीएम में कैद हो गया। इनमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, उनकी पत्नी कल्पना सोरेन और विपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी भी शामिल हैं। राज्य में सत्ताधारी जेएमएम नीत गठबंधन और बीजेपी के बीच कड़ा मुकाबला है।




**विधानसभा वार मतदान का प्रतिशत मे**

| | | |
|---|---|---|
| बाघमारा – 64.01% | गिरिडीह – 67.12% | मांडू – 64.41% |
| बगोदर – 64.99%, | गोड्डा – 68.39% | नाला – 78.72% |
| बरहेट – 66.13% | गोमिया – 67.68% | निरसा – 70.25% |
| बेरमो – 63.58% | जामा – 71.27% | पाकुड़ – 75.05% |
| बोकारो – 50.52% | जामताड़ा – 74.21% | पोड़ैयाहाट – 68.35% |
| बोरियो – 65.72%, | जमुआ – 60.60%, | राजमहल – 65.25% |
| चांदनकियारी – 72.13% | जरमुंडी – 71.22% | रामगढ़ – 71.98% |
| देवघर – 65.76% | झरिया – 55.23%, | सारठ – 77.94% |
| धनबाद – 52.31% | खिजरी – 69.20% | शिकारीपाड़ा – 74.31% |
| धनवार – 60.87% | लिट्टीपाड़ा – 73.50% | सिल्ली – 76.70% |
| दुमका – 70.39% | मधुपुर – 75.72% | सिंदरी – 70.87% |
| डुमरी – 70.70% | महगामा – 65.11% | टुंडी – 71.12% |
| गांडेय – 70.83% | महेशपुर – 79.40% | |

## मनातू के कर्माही में आम बागवानी के जगह लगा दी गई आलू का फसल

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**मनातू पलामू।** सरकार के महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा योजना के तहत सत्र 2022–23 में मनातू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चक पंचायत के ग्राम कर्माही निवासी कौशम यादव के नाम से बिरसा हरित आम भगवानी योजना स्वीकृति दी गई थी। जिसका वर्क कोड संख्या 2744353 है।



आपको बता दे की लाभुक कौसम यादव के नाम से यह आम बागवानी 1 एकड़ में स्वीकृत की गई थी यह आम बागवानी में मनरेगा मजदूर की राशि निगम शर्मा पूजा कुमारी श्याम मिस्त्री राजपतिया देवी सहेंद्र कुमार प्रजापति सोनी देवी सरिता देवी पिंटू कुमार यादव कौसम यादव और जावेद अंसारी के द्वारा 29274 रुपए की निकासी कर ली गई है।

ग्रामीणों की शिकायत पर जब पत्रकारों की टीम ने कार्यस्थल पहुंची तो आम बागवानी के जगह आलू की फसल लगाया गया है। इससे साबित हो रहा है कि मनरेगा में संलिप्त अधिकारियों के द्वारा सरकार के महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा को सिर्फ कागज पर ही पास कर दी जाती है। इसी वजह से गांव के ग्रामीण मजदूर को मनरेगा में काम नहीं मिलने से दूसरे राज्यों में पलायन करने को मजबूर हैं। मनरेगा में संलिप्त अधिकारी के द्वारा मनरेगा के ठेकेदारों से साठ गांठ कर बिना काम कराए ही योजना की राशि निकल ली जाती है। इस संबंध में जब मनातू प्रखंड के बीपीओ रणधीर कुमार से संपर्क की गई। उन्होंने बताया कि यह मामला मेरा जानकारी में नहीं है फिर भी जेई से जांच करवाने के बाद निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी।

- मनरेगा योजना में काम नहीं मिलने से ग्रामीण मजदूर दूसरे राज्यों में कर रहे पलायन

## जेएसएलपीएस के कृषक सखी वं पशु सखी के साथ एफटीसी ने की बैठक

**महिलाओं को कई दिशा निर्देश दिए गए**

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय में स्थित छः घरवा सीएलएफ ऑफिस में जेएसएलपीएस के तहत जुड़े कृषक सखी एवं पशु सखी के साथ एफटीसी अनिल प्रजापति ने मासिक समीक्षा बैठक बुधवार को किया। जहां महिलाओं को कई दिशा निर्देश दिए गए।

बैठक में महीने के कार्य का समीक्षा करते हुए वर्क डाउन जमा करने की बात कही। एवं लाखपति किसान दिदी की सूची तैयार कर लोकोस ऐप के माध्यम से डाउनलोड करने की बात कही। वही भीपीआरपी के तहत वार्षिक कार्य की जानकारी ऐप के माध्यम से सक्रिय करने की बात कही गई।मौके पर उपस्थित सीसी सरदार जितेंद्र सिंह एल एच सीआरपी सुमन वर्मा बीआरपी विजय रजक लेखापाल शीला कुमारी कृषक सखी नीलम कुमारी सरस्वती कुमारी रेखा देवी मालती देवी एवं दर्जनों पशु सखी उपस्थित थी।



## द्वितीय चरण के मतदान के तहत मांडू विस क्षेत्र में 64.97% मतदान हुआ

**लोकतंत्र की आवाज**

**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**
**हजारीबाग (झारखंड)।** उपायुक्त ने बाजार समिति का भ्रमण कर ईवीएम के लिए बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण किया

विधानसभा निर्वाचन 2024 के तहत द्वितीय चरण का मतदान आज 20 नवंबर को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। 24 मांडू विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण, स्वतंत्र, पारदर्शी एवं भयमुक्त वातावरण में मतदान संपन्न कराया गया। मतदान के समापन के उपरांत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने बताया कि शाम 5:00 बजे तक प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार 64.97% मतदान हुए है। कई बूथों पर मतदाता कतारबद्ध थे जिन्हें मतदान कराया जा रहा है, अभी अद्यतन मतदान प्रतिशत का रिपोर्ट आना शेष हैं।




पूरी निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न होने के बाद विस्तृत रिपोर्ट को एउक (भारत निर्वाचन आयोग) के वेबसाइट पर भी देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि संपूर्ण निर्वाचन की प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय या विधि व्यवस्था से संबंधित घटना नहीं घटी है। सभी मतदान कर्मी देर शाम तक बाजार समिति, हजारीबाग के स्ट्रॉन्ग रूम में पोल्ड ईवीएम को सुरक्षित जमा कर देंगे

- निर्वाचन की प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय संबंधित घटना नहीं घटी है: उपायुक्त

20 नवंबर को 24 मांडू विधानसभा में मतदान समापन की ओर है। समापन के उपरांत सभी मतदान कर्मी पोल्ड ईवीएम को बाजार समिति में बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम में जमा करेंगे। इस प्रक्रिया में कोई असुविधा न हो इसको लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने बाजार समिति, हजारीबाग का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने ईवीएम जमा करने की प्रक्रिया में सभी आवश्यक सावधानियां बरतने का निर्देश दिया। इस दौरान उप विकास आयुक्त,जिला भू अर्जन पदाधिकारी, उप निर्वाचन अधिकारी,जिला योजना पदाधिकारी व अन्य मौजूद रहे।

